नोट 1– सेप्टिक टैंक का आकार कुछ अनुमानों (तरल प्रवाह) पर आधारित होता है, सेप्टिक टैंक के आकार का चयन करते समय सटीक गणना की जानी चाहिए। इस बारे में जानकारी के लिये कृपया बीआईएस 2470 (भाग-1), 1985 देखें।

नोट 2– फ्री बोर्ड के लिये 300 मि0मि0 का प्रावधान रखना चाहिए।

स्त्रोत– सीवरेज और मलजल पर मैनुअल-भाग ए इंजीरियरिंग सीपीएचईईओ, 2012

परिशिष्ट-2

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर में फीकल स्लज निकासी और सेप्टेज की ढुलाई सेवा के लिये उपयोगकर्ता शुल्क (यूजर फीस) की सूची (अनुमानित)

क्रम सं0	श्रेणी	शुल्क की सीमा (प्रतिट्रिप 3000 लीटर तक)
1	2	3
		रु0
1–	कच्चाघर/झोपड़ी	400
2–	टिन शेड प्रकार का घर	800

1	2	3
		रु0
3–	सभी अन्य घर (पक्का घर)	1,500
4–	दुकान	1,700
5–	सभी सरकारी/निजी कार्यालय	2,000
6–	बैंक	2,300
7–	सामुदायिक शौचालय/सार्वजनिक शौचायलय	1,000
8–	रेस्टारेंट	2,300
9–	होटल/गेस्ट हाऊस (01से 10 कमरें)	2,300
10–	होटल/गेस्ट हाऊस (11 से 20 कमरें)	2,700
11–	होटल/गेस्ट हाऊस (20 से अधिक कमरे)	3,100
12–	धर्मशाला (01 से 25 कमरे)	1,400
13–	धर्मशाला (25 से अधिक कमरें)	2,000
14–	3 स्टार होटल	2,900
15–	5 स्टार होटल	3,800
16–	सरकारी स्कूल/कॉलेज (1000 छात्र तक)	1,100
17–	सरकारी स्कूल/कॉलेज (1000 से अधिक छात्र)	1,400
18–	निजी स्कूल/कॉलेज (1000 छात्र तक)	1,900
19–	निजी स्कूल/कॉलेज (1000 छात्र तक)	2,800
20–	02 व्हीलर वाहन शोरूम (बिना सर्विस सेन्टर)	1,900
21–	02 व्हीलर वाहन शोरूम (सर्विस सेन्टर के साथ)	2,900
22–	04 व्हीलर वाहन शोरूम (बिना सर्विस सेन्टर)	2,800
23–	04 व्हीलर वाहन शोरूम (सर्विस सेन्टर के साथ)	3,800
24–	मल्टीप्लेक्स	2,300
25–	छात्रावास (01 से 10 कमरें)	2,000
26–	छात्रावास (11 से 20 कमरें)	2,400
27–	छात्रावास (21 से 50 कमरें)	2,700
28–	छात्रावास (50 से अधिक कमरें)	3,100
29–	विवाह हॉल/बैंक्वेट हॉल	3,000

1	2	3
		रु0
30–	बार	2,800
31–	सरकारी अस्पताल (20 बेड तक)	2,300
32–	सरकारी अस्पताल (20 से अधिक बेड)	2,900
33–	नसिंग होम/क्लीनिक (20 बेड तक)	1,900
34–	नसिंग होम/क्लीनिक (20 से अधिक बेड)	2,500
35–	पैथलॉजिकल लैब	1,800
36–	निजी अस्पताल (20 बिस्तर तक)	2,700
37–	निजी अस्तपाल (21–50 बिस्तर तक)	3,000
38–	निजी अस्तपाल (50 बिस्तर तक)	4,000
39–	राइस मिल/अन्य मिल	2,300
40–	क्षेत्र में कोई भी उद्योग	3,500
41–	क्षेत्र से बाहर कोई भी उद्योग	2,300

नोट– उपयोगकर्ता शुल्क (यूजर फीस) की इन सीमाओं में निकायद्वारा समय-समय पर संशोधन किया जा सकता है।

परिशिष्ट-4

फार्म 1– निकाय नगर पालिका परिषद् मुजफ्फरनगर में फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रहण, परिवहन और निपटान के लियें

लाइसेंस आवेदन-पत्र

नियम और शर्त–

1– फीकल स्लज एवं सेप्टेज को केवल एक यू0एल0बी0 द्वारा जारी लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर द्वारा ही संग्रहीत किया जायेगा और ढुलाई की जायेगी।

2– निर्दिष्ट उपचार यन्त्र तक फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रह और ढुलाई के लिये शुल्क यू0एल0बी0 द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जायेंगा, कोई भी अनुज्ञाप्तिधारी ऑपरेटर घर/सम्पत्ति के मालिक से निर्धारित शुल्क से अधिक कोई राशि नही वसूलेगा।

3– फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई यू0एल0बी0 द्वारा इस प्रयोजन के लिये अनुमोदित वाहनों द्वारा ही किया जायेगां

4– लाइसेंसधारी आपरेटर यह सुनिश्चित करेगा कि संग्रह स्थल से निर्दिष्ट उपचार संयन्त्र तक ढुलाई के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज का कोई रिसाव न हों।

5– फीकल स्लज एवं सेप्टेज ले जाने वाला वाहन संचालन के दौरान किसी भी आकस्मिक छलकाव के कारण पर्यावरण के लिये किसी भी खतरें से बचने के लिये पर्याप्त रूप ये सुसज्जित होना चाहिए।

6– अनुज्ञाप्तिधारी केवल निर्दिष्ट शोधन संयन्त्र में ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निपटान करेंगा।

7– फीकल स्लज एवं सेप्टेज के परिवहन के लिये उपयोग किये जाने वाले वाहन पर लाईसेंस के एक प्रति प्रमुखता से प्रदर्शित की जायेगी।

8– वाहन/टैंकर कर को पीले रंग से पेंट किया जायेगा। जिस पर लाल रंग में सावधानी के साथ "Septic Tank waste" (अंग्रेजी में) और ''मलकुण्ड अपशिष्ट'' हिन्दी में लिखा होगा।

9– निर्दिष्ट उपचार संयन्त्र सप्ताह में Xy दिनों पर x : am से y : pm तक फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करेंगा। ऑपरेटरों को तद्नुसार अपने डीस्लजिंग स्चालन की योजना बनानी चाहिए।

10– प्रभावी सफाई सेवायें प्रदान करने और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिये तैनात कर्मचारियों के नियमित प्रशिक्षण के लिये लाईसेंसधारी जिम्मेदार होगा।

11– उपरोक्त बिन्दुओं में से किसी के उल्लंघन के मामले में, लाइसेंस रदद् करने के लिये उत्तरदाई होगा, लाइसेंसधारी की सुरक्षा जब्त कर ली जायेगी और वह इन विनियमों के उल्लंघन के लिये निर्धारित दण्ड का भुगतान करने के लिये भी उत्तदायी होगा।

प्ररिशिष्ट-7

होस्ट यू0एल0बी0 तथा बिना उपचार संयन्त्र वाले निकाय के बीच समझौता ज्ञापन प्रारूप

फॉर्म 4– ''होस्ट यू0एल0बी0'' पर उपलब्ध ''उपचार संयन्त्र'' में फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति के लिये समझौता ज्ञापन।

होस्ट निकाय के उपचार संयंत्र पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति हेतु निकाय (नगर निगम/नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत) और होस्ट निकाय नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के बीच समझौता ज्ञापन के लिये फार्म

फीकल स्लज एवं सेप्टेज एवं सेप्टेज प्रबन्धन के तहत, एक्सवाईजेड निकाय नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर की प्रशासनिक सीमाओ के भीतर घरों, सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालयों के नियंत्रण से आने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज और सेप्टेज (फीकल स्लज एवं सेप्टेज) के सुरक्षित निस्तारण हेतु जरूरी शर्तें पूरा करने के लिऐ, ''होस्ट यू0एल0बी0'' नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के प्रशासन के तहत ''उपचार संयंत्र ''पर समझौता।

प्रथम पक्ष ''होस्ट यू0एल0बी0'' नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर

द्वितीय पक्ष ''एक्सवायजेड यू0एल0बी0'' (नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर/नगर पंचायत)

उपबन्ध

1– यह कि प्रथम पक्ष दिनांक दिन/महीना/वर्ष (प्रारम्भ तारीख) से दिन/महीना/वर्ष (प्रारम्भ तारीख) तक द्वितीय पक्ष की प्रशासनिक सीमाओं से उनके ''उपचार संयन्त्र'' पर आने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति देगा/वर्ष (अन्तिम तिथि)

2– ''प्रथम पक्ष'' अपने प्रशासनिक क्षेत्र से आने वाले भार से समझौता करने से बचने के लिये अपने ''उपचार संयन्त्र'' पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज की दैनिक अनुमत मात्रा की जानकारी देगा।

3– यह कि द्वितीय पक्ष समझ के अनुसार ''प्रथम पक्ष'' को फीकल स्लज एवं सेप्टेज के निस्तारण के प्रति स्वेप टिंपिग शुल्क के रूप में रु0 500 देने के लिए सहमत है।

4– यह कि ''प्रथम पक्ष'' उपचार सुविधा के संचालन का समय, अनुमत पहुंच मार्ग, फीकल स्लज एवं सेप्टेज की अनुमत मात्रा, उपचार सुविधा का रखरखाव बन्द आदि आवश्यक विवरण समय-समय पर साझा करेगा।

5– कि उपरोक्त कार्यों को करते समय बीच में आने वाले किसी भी कठिनाई को दोनों पक्ष मिलकर सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझायें।

6– कि 'द्वितीय पक्ष' केवल लाइसेंसधारी फीकल स्लज निकासी आपरेटर को प्रथम पक्ष की उपचार सुविधा पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के निस्तारण की अनुमति देगा।

7– प्रथम पक्ष उपचार सुविध में उनके लाइसेंस पर 'द्वितीय पक्ष' की मोहर के साथ लाइसेंसधारी ऑपरेटर का प्रवेश सुनिश्चित करेगी।

परिशिष्ट-8

जुर्माना और फाइन

क्रम सं0	विवरण	खण्ड सं0	सांकेतिक फाइन सीमा	जुर्माना– (शून्य या किसी अन्य पीनल एक्शन में)
1	2	3	4	5
			रु0	
1.1	नाला सड़क खुले क्षेत्र में अपशिष्ट जल का सीधा असुरक्षित प्रवाह	3	50–100	
1.2	लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला	3	50–100	
1.3	लगातार उल्लघंन का तीसरा मामला	3	10–15 प्रति दिन	सम्पत्ति की जब्ती
2.1	ओएसएस का अवैज्ञानिक डिजाइन और निर्माण	5	100–150	
2.2	लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला	5	100–150	
2.3	लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला	5	10–15 प्रति दिन	सम्पत्ति की जब्ती
3.1	बिना निकाय पंजीकरण के वैल्यूम टैकंर परिचालित करना	6	50–100	

1	2	3	4	5
			रु0	
3.2	लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला	6	50–100	
3.3	लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला	6	150–200 प्रति दिन	वाहन की जब्ती
4.1	आकस्मिक बिखराव में भाग लेने के लिये गैर-अनुपालन	16,17	1,000–1,500	
4.2	लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला	16,17	1,000–1,500	
4.3	लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला	16,17	300 प्रति दिन	वाहन की जब्ती
5.1	एसटीपी का अनुपचरित FSS प्रवाहित करना	27, 28, 33	5000–10000	
5.2	लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला	27, 28, 33	5,000–10,000	
5.3	लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला	27, 28, 33	1,000–1,500 प्रति दिन	सम्पत्ति की जब्ती
6.1	निकायद्वारा अधिसूचित स्थल के अलावा अन्य स्थल पर अनुपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रवाहित करना	6, 7, 14, 27, 28, 29	5,000–10,000	
6.2	लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला	6, 7, 14, 27, 28, 29	5,000–1,000	
6.3	लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला	6, 7, 14, 27, 28, 29	1,500–2,000 प्रति दिन	वाहन की जब्ती

(ह0) अस्पष्ट
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर

कार्यालय, नगरपालिका, परिषद् कन्नौज

अधिसूचना

दिनांकः—22 नवम्बर, 2024 ई0

पत्रांक : 1921 / A / के0जे0 / सफा0अनु0 / 2024—25—शासनादेश संख्या-2221 / नौ—5—2018—352स / 2016 / 6 / 2018 दिनांक 29 जून, 2024 के अनुपालन में नगर क्षेत्र को स्वच्छ बनाये रखने के लिए नगरपालिका परिषद, कन्नौज द्वारा नगरपालिका अधिनियम 1916 व ठोस अपशिष्ट प्रवन्धन नियमावली, 2018 में निहित प्राविधानों के अधीन निम्न प्रकार उपविधि बनाने के लिए जनसामान्य से सुझाव व आपत्ति (देश प्रदेश सन्देश) एवं (दा मैसेज व्योरो) समाचार-पत्र दिंनाक 28 जून, 2024 को प्रकाशन कराया गया तथा उपरोक्त उपविधि पर किसी व्यक्ति या समूह को उपविधि के किसी एक बिन्दु या सभी बिन्दुओं पर कोई आपत्ति या सुझाव देना है तो प्रकाशन तिथि के 15 दिवस के अन्दर कार्यालय नगरपालिका परिषद कन्नौज में लिखित रूप में दे सकता है। परन्तु निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई वोर्ड बैठक दिनांक 20 जुलाई, 2024 के प्रस्ताव सफाई अनुभाग का प्रस्ताव संख्या-5 उत्तर प्रदेश राज्य ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नीति के अन्तर्गत उपविधि को उसी रूप में लागू किए जाने हेतु सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान कर दी गई। निम्नवत् उपविधि को गजट में प्रकाशन की तिथि से प्राभावी माना जाएगा।

1. संक्षिप्त नाम व विस्तार तथा प्रारम्भ—

(अ) यह नियमावली ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन उपविधि 2024 कहलाएगी।

(ब) यह उपविधि नगरपालिका परिषद, कन्नौज सीमा के अन्दर लागू होगी।

(स) यह गजट प्रकाशन के दिनांक से प्रभावी होगा।

2 अपशिष्ट उत्पन्न कर्ताओं के कर्तव्य —

(क) अपशिष्ट उत्पन्न कर्ताओं द्वारा उत्पन्न किये गये अपशिष्ट को दो प्रकार में यथा जैविक (बायोडिग्रेडेबल) को हरे कूड़े दान में तथा अजैविक अपशिष्ट (नॉन-बायोडिग्रेडेबल) को नीले कूड़े दान में पृथक-पृथक संग्रहित कर निकाय द्वारा निर्देश या अधिसूचना के अनुसार सग्रह कर्ताओं को सौंपेगा।

(ख) प्रयोग किए गए अस्वास्थ्य कर अपशिष्ट जैसे डायपर पैडों / सेनेट्री नैपकिन आदि इन उत्पादों के निर्माताओं या ब्रांड स्वामियों द्वारा उपलब्ध कराये गए थैले में सुरक्षित रूप से लपेट कर अथवा स्थानीय प्रधिकारियों द्वारा जारी निर्देशानुसार सूखे कूड़े हेतु निर्धारित कूड़े दान में अथवा (नॉन-बायोडिग्रेडेबल) अजैविक निम्नीकरण (नॉन-बायोडिग्रेडेबल) अपशिष्ट हेत निर्धारित कूड़ेदान में रखेगा।

(ग) सन्निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट नियम, 2016 के अनुसार किया जायेगा।

(3) कोई भी अपशिष्ट जनित किसी भी व्यक्ति द्वारा सड़कों, खुले सार्वजनिक स्थानों, नालों या जलाशयों में नहीं फेकेगा, न ही जलाएगा और न ही गाड़ेगा।

(4) यदि किसी व्यक्ति द्वारा गैर अनुज्ञप्ति वाले स्थान पर कोई आयोजन या समारोह आयोजित किया जाता है तो वह व्यक्ति या आयोजक स्रोत पर अपशिष्ट, पृथक-पृथक सग्रहित कर निकाय द्वारा निर्देश या अधिसूचना के अनुसार सग्रह कर्ताओं को सौंपेगा।

(5) प्रत्येक मार्ग विक्रेता अपने कार्य कलाप के दौरान उत्पन्न अपशिष्ट जैसे कि खाद्य प्रयोज्य दोना, कुल्हड़, डिब्बा, रैपर, नारियल के छिलके, बचामोजन, फल, सब्जी अथवा अन्य सामग्री जो सम्बन्धित विक्रेता के यहां से प्रतिदिन निकलती हो, को उपयुक्त पात्र में रखेगा और ऐसे अपशिष्ट को नगरपालिका परिषद, कन्नौज द्वारा अधिसूचित अपशिष्ट भंडारण डिपो या पात्र या वाहन में डालेगा।

(6) इस गजट के प्रकाशन की तिथिसे 6 माह के अन्दर सभी आवास कल्याण, बाजार संघ, आर०डब्ल्यू०ए०, होटल, रेस्टोरेंट आदि स्थानीय प्राधिकरण की भागीदारी से इन नियमों में यथा विहित जनित्रों द्वारा अपशिष्ट को स्रोत पर

पृथक करके पृथक किए गए अपशिष्ट को अलग-अलग पात्रों में संग्रहण कर और पुनर्चक्रणीय सामग्री को अपशिष्ट उठाने वाले अथवा अधिकृत पुनर्चक्रण को सौंपेगा। जैव निम्नी करणीय अपशिष्ट का (यदि संभवहो तो) परिसर के अन्दर कम्पोस्ट करके अथवा बायोमेथानेशन के जरिए निस्तारण किया जाएगा। अपशिष्ट के अपशिष्ट अंश को स्थानीय निकाय द्वारा निर्देशित अपशिष्ट संग्रह कों अथवा अभिकरण/संस्था को सौपा जायेगा।

(7) नगरपालिका परिषद, कन्नौज के अन्दर खुले में शौच करने वाले व्यक्तियों से पांच सौ रूपये एवं पेशाब करने वाले व्यक्तियों से भी एक सौ रूपये जुर्माना वसूला जाएगा जिसकी अदायगी सम्बन्धित व्यक्ति को तुरन्त करनी होगी।

(8) नगरविकास अनुभाग–5 आदेशसं० 3595/नी–5–2016–29 रिट/2014 दिनांक 08 नवम्बर, 2016 के अनुपालन में सड़क के किनारे भवन निर्माण अवशेष रखने पर 50,000.00 तक रूपये का आर्थिक दण्ड वसूल किया जायेगा।

(9) <u>सभी अपशिष्ट उत्पन्नकर्ताओ से निम्नानुसार यूजर चार्ज वसूल किया जायेगा।</u>

(1)	आवासीय भवन (प्रति परिवार)	रु0 50.00 प्रतिमाह
(2)	व्यवसायिक भवन प्रत्येक दुकान जल–पान रेस्टोरेन्ट	रु0 200.00 प्रतिमाह
(3)	व्यवसायिक भवन प्रत्येक कॉम्प्लेक्श, होटल	रु0 500.00 प्रतिमाह
(4)	व्यवसायिक भवन फैक्ट्री अर्धसरकारी संस्थान	रु0 500.00 प्रतिमाह
(5)	व्यवसायिक भवन चिकित्सा क्लीनिक/प्राइवेट नर्सिंग होम	रु0 500.00 प्रतिमाह
(6)	विवाह घर या समारोह पर	रु0 1000.00 प्रति कार्यक्रम

(10) शमन शुल्क–

अपराधों का शमन करने वालेअ धिकारियों द्वारा वसूल की जाने वाली निम्नलिखित शमनफीस

विनिर्दिष्ट करते है–

क्रमांक	प्रतिषिद्ध श्रेणी के निस्तारण योग्य पॉलीथिन कैरीबैगों, प्लास्टिक और थर्माकोल परवस्तुओं की मात्रा	धनराशि रुपयों में
1	2	3
		रु0
1	100 ग्रामतक	1,000.00
2	101 ग्राम–500 ग्राम	2,000.00
3	501 ग्राम–1 किलोग्राम	5,000.00
4	1 किलोग्राम–5 किलोग्राम	10,000.00
5	5 किलोग्राम से अधिक	25,000.00

1	2	3
		रु0
(ख)	किसी संस्था/वाणिज्यिक संस्था/वाणिज्यिक प्रतिष्ठान/शैक्षिक संस्थाओं /कार्यालयों/होटलों/दुकानों/रेस्टोरेंट /मिष्ठान दुकानों/ढाबों/औद्योगिक प्रतिष्ठानों/भोजन कक्षों आदि द्वारा परिसर के अन्तर्गत और सड़कों, मार्गों, नालों, नदियों, झीलों, तालाबों, वन क्षेत्रों, सार्वजनिक पार्को, समस्त सार्वजनिक स्थलों आदि पर प्लास्टिक अपशिष्ट का फेंका जाना	25,000.00
(ग)	व्यक्तियों द्वारा किसी निजी या वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों यथा शैक्षिक संस्थाओं /कार्यालयों/होटलो/दुकानों/रेस्टोरेंट/मिष्ठानदुकानों/ढाबों/औद्योगिक प्रतिष्ठानों/भोजन कक्षों आदि में और सड़कों, मार्गों, नदियों, झीलो सार्वजनिक पार्को, वन क्षेत्रों और समस्त सार्वजनिक स्थानों आदि पर प्लास्टिक अपशिष्ट का फेंका जाना	1,000.00

(2) सार्वजनिक स्थान पर शौच करने पर– रु. 500

(3) सार्वजनिक स्थान पर पेशाब करने पर– रु. 100

(4) निर्माण सामग्री/मलवा सार्वजनिक स्थान पर रखने पर– रु. 50,000

(5) बस स्टैण्ड रेलवे स्टेशन / पार्क/तालाब जल संरचनाओं/नाला–नाली/ रु. 5000

सार्वजनिक स्थान पर गन्दगी करने पर–

(6) समस्त रहवासी /व्यवसायिक/सार्वजनिक एवं अन्य प्रतिष्ठानों के द्वारा स्त्रोत रु 2000

ही पृथ्क करण न करने पर–

(7) थोक कचरा उत्पादकों (BWG) द्वारा गीले कचरे का निपटान स्वयं के रु. 5000

ही परिसर में न करने पर–

(8) दुकान दारों द्वारा हाथ ठेला, चाट, चाय–नाश्ता, गुटका, पान विक्रेताओं द्वारा रु. 2000

गन्दगी फैलाने व डस्टविन न रखने पर–

(9) घरों से गीला सूखा कचरा अलग–अलग न देने पर– रु. 2000

(10) किसी व्यक्ति द्वारा गैर अनुज्ञप्ती वाले स्थान पर कोई आयोजन या समारोह रु. 5000

आयोजित कर गन्दगी फैलाने पर–

उक्त धाराओं का उल्लंघन करना अपराध माना जायेगा। उल्लंघन की दशा उपरोक्तानुसार जुर्माना अधिरोपित किया जा सकता है। उपविधि में निर्दिष्ट जुर्माना लगाये जाने तथा जुर्माने में संशोधन का अधिकार अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद, कन्नौज में निहित होगा तथा वसूली नगरपालिका अधिनियम 1916 मे निहित प्राविधानों के अन्तर्गत की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी,
नगरपालिका परिषद,
कन्नौज।

कार्यालय, नगर पालिका परिषद, ललितपुर

दिनांक 15 फरवरी, 2025

नगर पालिका अधिनियम, 1916 के अन्तर्गत धारा-128(1)/140 (क) के अन्तर्गत स्वकर निर्धारण के सम्बन्ध में पूर्व में प्रकाशित गजट में अनावासिक भवनों के मासिक किराये की दर के गुणांक के सम्बन्ध में नियमावली

संख्या 1977/कर विभाग/2024–25 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा-128(1)/140 (क) में प्रदत्य शक्तियों का प्रयोग करते हुये नगर पालिका की सीमान्तर्गत अनावासिक भवनों के मासिक किराये की दर के संशोधित गुणांक के सम्बन्ध में नियमावली तैयार की गयी है, जिसको अधिशासी अधिकारी महोदय के आदेश दिनांक 21 अगस्त, 2023 द्वारा मा0 बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव संख्या–131 दिनांक 26 अगस्त, 2023 रखी गयी, जिसको मा0 बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी। उक्त प्रस्तावित नियमावली को दो दैनिक समाचार-पत्र दैनिक अमर उजाला के अंक दिनांक 01 अक्टूबर, 2023 व दैनिक समाचार-पत्र के अंक दिनांक 02 अक्टूबर, 2023 में प्रकाशन कराया गया। प्रकाशन उपरान्त 15 दिन के अन्दर आपत्ति/सुझाव मांगे गये थे। निर्धारित अवधि में कोई भी आपत्ति/सुझाव प्राप्त नही हुये, तदोपरान्त अग्रिम कार्यवाही किये जाने हेतु मा0 बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव सं0–256 दिनांक 23 दिसम्बर, 2023 रखा गया, जिसको सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान करते हुये अन्तिम प्रकाशन एवं सरकारी गजट में प्रकाशन कराने का निर्णय लिया गया जो कि निम्नवत् है–

श्रेणी	सम्पत्ति का विवरण	मसिक किराये की प्रस्तावित संशोधित दरें
1	स्रकारी अथवा गैर सरकारी, छात्रावास, स्वीमिंग पूल, क्रीडा केन्द्र तथा जिम, शारीरिक स्वास्थ्य केन्द्र, थियेटर जिनका प्रयोग मात्र सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु होता हो, जिसमें वैवाहिक समारोहों से सम्बन्धित सांस्कृति कार्यक्रम सम्मिलित नहीं है, संगीत एवं नृत्य केन्द्र, सूक्ष्य एवं लघु औद्योगिक इकाईयाँ (उद्योग विभाग की परिभाषानुसार), एकल स्क्रीन सिनेमााघर (जो मॉल में स्थित नहीं है), 120 वर्गफीट क्षेत्रफल तक की चाय, दूध, डबलरोटी, अण्डे, लॉण्ड्री फल, सब्जी, फोटो स्टेट, नाई/हेयर ड्रेसर (जिनमें दो से अधिक बाल काटने की कुर्सियां न हो और जिसमें वातानुकूलन/कूलर का उपयोग न होता हो) तथा दर्जी की दुकान।	उपनिय (1) के अधीन नियत दर समान।

2	महाविद्यालय, स्नातकोत्तर महाविद्याालय एवं वृहद उद्योग (उद्योग विभाग की परिभाषानुसार), मेडीकल स्टोर, प्रत्येक प्रकार के वाणिज्यिक कॉम्पलेक्स, स्थापित बाजारों में स्थित स्पोर्ट कॉम्पलेक्स, स्थापित बाजारों में स्थित स्पोर्ट कॉम्पलेक्स, टेन्ट हाउस, भवन निर्माण सामग्री की दुकान और गैर सरकारी कोचिंग सेन्टर।	उपनियम (1) के अधीन नियत दर का 2 गुना।
3	सरकारी, अर्ध सरकारी अथवा गैर सरकारी, कार्यालय भवन, सार्वजनिक उपक्रम राजकीय निगम और बोर्ड आदि, क्लीनिक, पॉलीक्लीनिक, डेन्टल क्लीनिक, डायग्रोस्कि केन्द्र पैथोलॉजी लैब, नर्सिंक होम, चिकित्सालय और स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्र, फिजियोथेरेपी केन्द्र, प्रसूति गृह, प्राविधिक विश्वद्याालय, मेडिकल कॉलेज एवं डेन्टल कॉलेज, इन्जीनियरिंग कॉलेज, प्रबन्धन संस्थन, विधि संस्थान पेट्रोल पम्प, गैस एजेन्सी, डिपो और गोदाम आदि, सामुदायिक भवन, कल्याण मण्डप, विवाह क्लब ऑडीटोरियम (प्रेक्षगृह), सामुदायिक केन्द्र स्टाररहित होटल, एक सितारा और उसमें ऊपर के होटल, टॉवर और होर्डिंग वाले भवन, टेलीविजन टॉवर, दूरसंचार टावर या कोई अन्य टावर को भवन की सजह पर या शिखर पर या खुले स्थान पर प्रतिस्थापित किये जाते है, बैंक बैंक एटीएम, फाइनेंस कम्पनियां, निजी क्षेत्र के कार्यालय और निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठान, माल्स, पब्स, बार, वासगृह जहॉ भोजन के साथ मंदिरा भी परोसी जाती है।	उपनियम (1) के अधीन नियत दर का 3 गुना।
4	अन्य प्रकार के अनावसिक भवन जो उपर्युक्त श्रेणी में उल्लिखित नहीं है।	उपनियम (1) के अधीन नियत दर का 3 गुना।

उक्त अनावासिक भवनों के मासिक किराये की दर के संशोधित गुणांक सम्बन्धी नियमावली गजट प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।

(सरला जैन)
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद,
ललितपुर

कार्यालय, नगर पालिका परिषद, आजमगढ़

25 अप्रैल, 2025 ई0

सं0 87/न0पा0प0आ0/सफाई अनुभाग/2024-25—नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पालिका परिषद आजमगढ़ की बोर्ड बैठक दिनांक 23 नवम्बर, 2024 प्रस्ताव संख्या-04 डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन एवं भवन स्वामियों से लिए जाने वाले शुल्क पर बनायी जाने वाली उपविधि पर विचारार्थ लिये गये निर्णय के अनुसार मा0 सभासदगण की सर्वसम्मति से मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत किया गया। जिसे दैनिक राष्ट्रीय समाचार-पत्र ''राष्ट्रीय सहारा'' एवं दैनिक क्षेत्रीय समाचार-पत्र ''देवव्रत'' के दिनांक 29 नवम्बर, 2024 दिन शुक्रवार के अंक में आजमगढ़ नगर सीमा क्षेत्रान्तर्गत आम जनमानस से आपत्तियॉ एवं सुझाव मांगे जाने हेतु प्रकाशित कराया गया। दिनांक 30 दिसम्बर, 2024 तक निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति एवं सुझाव इस कार्यालय को प्राप्त नहीं हुये तद्उपरान्त नगर पालिका परिषद आजमगढ़ की बोर्ड बैठक दिनांक 17 जनवरी, 2025 को बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से राजकीय गजट में प्रकाशनार्थ स्वीकृति प्रदान की गयी। यह उपविधि राजकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से नगर पालिका क्षेत्र आजमगढ़ में लागू होगी।

1— संक्षिप्त नाम प्रसार एवं प्रारम्भ—

(क)— यह नियमावली ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं निस्तारण उपविधि-2024 कहलायेगी।

(ख)— यह उपविधि, नगर पालिका परिषद, आजमगढ़ के सम्पूर्ण क्षेत्र में लागू होगी।

(ग)— यह गजट में प्रकाशन के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

(घ)— बोर्ड का तात्पर्य नगर पालिका परिषद, आजमगढ़ के निर्वाचित बोर्ड से है।

(ड़)— अध्यक्ष का तात्पर्य नगर पालिका परिषद, आजमगढ़ के निर्वाचित अध्यक्ष अथवा प्रशासक से है।

(च)— अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगर पालिका परिषद, आजमगढ़ के अधिशासी अधिकारी से है।

2— अपशिष्ट उत्पन्न कर्ताओं के कर्तव्य

(क)— अपशिष्ट कर्ताओं द्वारा उत्पन्न किये गये अपशिष्ट के पृथक्कृत और पृथक शाखाओं अर्थात् जैव निम्नीकरण योग्य और घरेलू परिसंकट अपशिष्ट के तीन अलग-अलग डिब्बों में भण्डारित किया जायेगा और समय - समय पर स्थानीय निकाय द्वारा दिये गये निर्देश या अधिसूचना के अनुसार पृथक किये गये अपशिष्टों को प्राधिकृत अपशिष्ट चुनने वालों या अपशिष्ट संग्रहणकर्ताओं को सौंपा जायेगा।

(ख)— अस्वास्थ्यकर अपशिष्ट, जैसे-प्रयोग किये गये डायपरों, नैपकिन इत्यादि, उत्पादकों के निर्माताओं या ब्रांड स्वामियों द्वारा उपलब्ध व अजैविक निम्नीकरण अपशिष्ट के लिए निर्धारित डिब्बे में डाला जायेगा।

(ग)— संनिर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट को पृथक रूप से अपने ही परिसर में भण्डारित करेगा एवं जब कभी वह उत्पन्न होता हो तो उसे संनिर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट नियम-2016 के अनुसार निपटान करेगा।

(घ)— अपने परिसर से उत्पन्न, कृषि-उद्यान अपशिष्ट और उद्यान-अपशिष्ट को अपने ही परिसर में पृथक रूप से भण्डारित करेगा, और समय -समय पर स्थानीय निकाय द्वारा निर्देशानुसार उसका निपटान करेगा।

(ड़)— प्रत्येक मार्ग विक्रेता, अपने कार्य-कलाप के दौरान उत्पन्न अपशिष्ट जैसे कि खाद्य अपशिष्ट प्रयोज्य (डिस्पोजेबल) प्लेटो, कपों, डिब्बो, रैपरों, नारियल के छिलके, शेष बचे हुए भोजन, सब्जियों, फलों आदि के लिए उपयुक्त पात्र रखेगा और ऐसे अपशिष्ट को स्थानीय निकाय द्वारा यथा अधिसूचित अपशिष्ट भण्डारण डिपो या पात्र या वाहन में डालेगा।

(च)— इन नियमों के अधिसूचित होने की तारीख से एक वर्ष के अन्दर सभी आवास-कल्याण और बाजार संघ, इन नियमों में यथाविहित जनित्रों द्वारा अपशिष्ट का स्रोत पर पृथक करने एवं पृथक किये गये अपशिष्ट को

अलग-अलग पात्रों में संग्रहण करने में सहयोग और पुर्नचक्रणीय सामाग्री को प्राधिकृत अपशिष्ट उठाने वालों अथवा प्राधिकृत पुर्नचक्रों को सौंपना सुनिश्चित करेगें। जैव-अवक्रमणीय अपशिष्ट का जहां तक सम्भव होगा परिसर के अन्दर संशोधित, उपचारित और कम्पोस्ट करके अथवा बायो-मेथिनेशन के जरिये निपटान किया जायेगा। शेष अपशिष्ट स्थानीय निकाय द्वारा, यथा निर्देशित अपशिष्ट संग्रहणकर्ताओं या संस्था को सौंप दिया जायेगा।

(छ)– इन नियमों के अधिसूचित होने की तारिख से, एक वर्ष के अन्दर 5000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले सभी गेट (परिसर) लगे समुदाय की और संस्थान, स्थानीय निकाय की भागीदारी में इन निकायों में यथाविहित जनित्रों द्वारा अपशिष्ट को स्रोत पर ही पृथक किये गये अपशिष्ट को अलग-अलग पात्रों में संग्रह करने में सहायता करेगा तथा पुर्नचक्रों को सौपना सुनिश्चित करेंगे। जैव-अवक्रमणीय अपशिष्ट का जहां, तक सम्भव होगा परिसर के अन्दर संशोधित, उपचारित और कम्पोस्ट करके अथवा बायो-मेथिनेशन के जरिये निपटान किया जायेगा। शेष अपशिष्ट स्थानीय निकाय द्वारा यथा निर्देशित अपशिष्ट संग्रहणकर्ताओं या संस्था को दिया जायेगा।

(ज)– इन नियमों को अधिसूचित होने की तारीख से एक वर्ष के अन्दर सभी होटल और रेस्टोरेन्ट, स्थानीय निकाय की भागीदारी में इन नियमों में यथाविहित जनित्रों द्वारा अपशिष्ट को स्रोत पर पृथक करना, पृथक किये गये अपशिष्ट को अलग-अलग पात्रों में संग्रहण करने में सहायता करना तथा पुर्नचक्रमणीय सामाग्री को प्राधिकृत अपशिष्ट उठाने वालों तथा पुर्नचक्रों को सौपना सुनिश्चित करेगें। जैव-अवक्रमणीय अपशिष्ट का जहॉ तक सम्भव होगा परिसर के अन्दर ही संशोधित, उपचारित या कम्पोस्ट करके बायो-मेथिनेशन के जरिये निपटान किया जायेगा। शेष अपशिष्ट स्थानीय निकाय द्वारा यथा निर्देशित अपशिष्ट संग्रहणकर्ताओं या संस्था को दे दिया जायेगा।

3– अपशिष्ट उत्पन्नकर्ताओं हेतु निषेध–

(क)– कोई अपशिष्ट जनित्र, के द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट को गली, खुले सार्वजनिक स्थानों, नाली या जलाशयों में फेंकना, जलाना या गाड़ना वर्जित होगा।

(ख)– कोई व्यक्ति अथवा संस्था अग्रिम रूप से कम से कम तीन कार्य-दिवस पूर्व स्थानीय निकाय को सूचित किये बिना, किसी गैर अनुज्ञप्ति वाले स्थान पर एक सौ व्यक्ति अथवा इससे अधिक व्यक्तियों का ऐसा कोई आयोजन या समारोह नही करेगा। अनुमति के पश्चात् कोई भी व्यक्ति/आयोजक स्रोत पर ही पृथक्करण की व्यवस्था करेगा और पृथक्कृत अपशिष्ट को स्थानीय निकाय द्वारा अभिहित अपशिष्ट चुनने वाले को या अपशिष्ट संग्रहण संस्था को सौंपेगा।

4– ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन– सभी अपशिष्ट उत्पन्नकर्ताओं से नियमानुसार शुल्क वसूल की जायेगी, जो कि निम्नलिखित होगी–

क्रम सं0	परिसर का प्रकार	निर्धारित शुल्क
1	2	3
		रुपये–
1	आवासीय भवन, प्रत्येक परिवार	50.00 प्रति माह
2	व्यवसायिक भवन, प्रत्येक दुकान	150.00
3	व्यवसायिक भवन, प्रत्येक जलपान एवं रेस्टोरेन्ट	300.00
4	व्यवसायिक भवन, प्रत्येक काम्पलेक्स, होटल	1,000.00
5	सरकारी एवं व्यवसायिक भवन, जिनका परिसर 5000 स्कवायर फीट के बराबर या अधिक है।	5,000.00
6	व्यवसायिक फैक्ट्री, अर्द्ध सरकारी संस्थान	2,000.00

1	2	3
		रुपये–
7	व्यवसायिक भवन, चिकित्सा क्लीनिक	2,000.00
8	व्यवसायिक भवन नर्सिंग होम,	2,000.00
9	आयोजन एवं समारोह (बारात घर)	2,000.00
10	मछली/चिकन/मीट/अन्य नान वेजिटेरियन फुटकर विक्रेता।	100.00
11	प्रत्येक पेट्रोल पम्प।	500.00
12	प्रत्येक मदिरा की दुकान।	1,000.00
13	अन्य ठोस अपशिष्ट उत्पादक।	500.00

5– प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन– प्रतिबन्धित प्लास्टिक वेस्ट, सिंगल यूज प्लास्टिक एवं थर्मोकोल पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है। इसका उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड नियमानुसार होगा–

क्रम सं0	**प्रतिबन्धित श्रेणी के निस्तारण योग्य प्रतिबन्धित पालिथिन कैरी बैगों, प्लास्टिक और थर्मोकोल वस्तुओं की मात्रा**	**धनराशि**
1	2	3
		रुपये–
1	100 ग्राम तक	1,000.00
2	101 ग्राम से 500 ग्राम	2,000.00
3	501 ग्राम से 1 किलोग्राम	5,000.00
4	1 किलोग्राम से 5 किलोग्राम	10,000.00
5	5 किलोग्राम से अधिक	25,000.00

6– शास्ति/दण्ड–

(क)– यह कि माननीय उच्च न्यायालय की सुनवाई दिनांक 09 नवम्बर, 2016 को दिये गये आदेश के क्रम में नगर विकास अनुभाग-5 के आदेश संख्या-3595/नौ-5-2016-19, रिट-2014 दिनांक 08 नवम्बर, 2016 के अनुपालन में सड़क के किनारे भवन निर्माण सामग्री अवशेष रखने पर रु0 50,000.00 रुपये तक का आर्थिक दण्ड वसूला जायेगा।

(ख)– निकाय क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान, सड़क या अन्य कोई भी खाली/खुले स्थान पर कूड़ा फेकते एवं जलाते हुए पाया जाता है तो रु0 1,000.00 का आर्थिक जुर्माना वसूला जायेगा। जिसकी अदायगी सम्बन्धित व्यक्ति को तत्काल करनी होगी।

(ग)– निकाय क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति यदि खुले में मूत्र या मल विसर्जन करता है, तो रु0 50.00 अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा, जिसे सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा तत्काल अदा किया जायेगा। अन्यथा की दशा में अग्रेत्तर कार्यवाही स्थानीय निकाय द्वारा की जायेगी।

सरफराज आलम 'मंसूर'
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद,
आजमगढ़।

कार्यालय, नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर।

16 जनवरी, 2025 ई0

सं0 95/न0पं0अ0कि0/2024-25—नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर के बोर्ड बैठक दिनांक 27 सितम्बर, 2024 के प्रस्ताव सं0-03 के बिन्दु सं0 1, 2, 3, 4, 5, 6, 14, 15 व बोर्ड बैठक दिनांक 22 फरवरी, 2024 के बिन्दु सं0 10 में पारित प्रस्तावों पर किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को किसी प्रकार की आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु कार्यालय पत्रांक-94/न0पं0अ0कि0/2024-25 दिनांक 26 नवम्बर, 2024 को समाचार-पत्र अमृत विचार, दैनिक जागरण में प्रकाशन कराया गया था, जिसमें प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक आपत्ति प्रस्तुत करने के समय का निर्धारण किया गया था। प्राप्त आपत्तियों की जांच निस्तारण कर दिया गया है। अन्तिम प्रकाशन कराया जा रहा है। जिसका विवरण निम्नवत है। यह उपविधि गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

प्रस्ताव सं0-3 अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से—

1— वार्ड सदस्य श्री सुबाष निषाद द्वारा बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव लाया गया कि, किछौछा पहला मोड़ (दुर्गा मंदिर के पास) पर लगे साइन बोर्ड मौलाना मुजफ्फर हुसैन के नाम का साइन बोर्ड के स्थान पर जय निषाद राज प्रवेश द्वार का साइन बोर्ड लगाया जाय जिस पर उपस्थित सदस्यगण— श्री निरंजन, श्री मयाराम, श्रीमती मीरा, श्री रामजी, श्री प्रदीप कुमार, श्रीमती ज्योति गुप्ता, श्री अमन गुप्ता, श्री लालमन, श्रीमती सफरून्निशां, श्री मो0 शरीफ, श्री मोनू निषाद, श्रीमती रिजवानानिशां, श्री सूर्यलाल, श्रीमती सुनीता देवी द्वारा सहमति व्यक्त करते हुए एक स्वर में बहुमत से यह प्रस्ताव पास किया गया, जिसमें केवल एक मा0 सदस्य वार्ड-03 श्री विनोद कुमार के द्वारा विरोध दर्ज कराया गया तथा उक्त कार्य कराने के लिए अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किया गया।

2— वार्ड सदस्य श्री मयाराम जी द्वारा बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव लाया गया कि जो मौखिक नाम बसखारी पूर्वी चौराहा है, उसे अम्बेडकर चौक के नाम से किया जाय। तथा मौखिक नाम बसखारी पश्चिमी चौराहा है, उसे अटल चौराहा के नाम से किया जाय। जिस पर उपस्थित सदस्यगण श्री निरंजन, श्री विनोद, श्री मीरा, श्री रामजी, श्री प्रदीप कुमार, श्रीमती ज्योति गुप्ता, श्री अमन गुप्ता, श्री सुबाष निषाद, श्री लालमन, श्रीमती सफरून्निशां, श्री मो0 शरीफ, श्री मोनू निषाद, श्रीमती रिजवानानिशां, श्री सूर्यलाल, श्रीमती सुनीता देवी द्वारा एक स्वर में यह प्रस्ताव बहुमत से पास किया गया तथा उक्त कार्य को कराने के लिए अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किया गया।

3— वार्ड सदस्य श्री मोनू निषाद जी द्वारा बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव लाया गया कि—

(1)— दरगाह सलामी गेट से मलंग गेट तथा सैय्यद मखदूम अशरफ के स्थान तक सैय्यद मखदूम अशरफ मार्ग किया जाय।

(2)— नगर पंचायत किछौछा कार्यालय से सलामी गेट तक नूरूल-ऐन-मार्ग नाम के स्थान पर पण्डित दीन दयाल उपाध्याय मार्ग नाम किया जाय।

(3)– दरगाह सलामी गेट तिराहा का नाम डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम नाम किया जाय।

(4)– दरगाह में नई बस्ती मार्ग होते हुए आगे नीर शरीफ से होते हुए उत्तर दिशा में जाने वाली रोड (तिराहे का नाम) कमला पण्डित बाबा तिराहा नाम किया जाय।

(5)– नगर पंचायत किछौछा के सामने आगे दरगाह पुल के आगे उत्तर मोड़ से श्री कमला पण्डित बाबा स्थान तक हजरत मखदूम अशरफ सिमनानी मार्ग स्थान पर बाबा कमला पण्डित मार्ग नाम किया जाय।

(6)– भिदूण के रास्ते से निषाद बस्ती को जाने वाले मौखिक नाम खदरा रोड के स्थान पर स्व0 फूलन देवी के नाम से मार्ग किया जाय, जिस पर उपस्थित समस्त सदस्यगण– श्री निरंजन, श्री मयाराम, श्रीमती मीरा, श्री रामजी, श्री प्रदीप कुमार, श्रीमती ज्योति गुप्ता, श्री अमन गुप्ता, श्री लालमन, श्रीमती सफरून्निशां, श्री मो0 शरीफ, श्री सुबाष निषाद, श्रीमती रिजवानानिशां, श्री सूर्यलाल, श्रीमती सुनीता देवी, श्री विनोद कुमार के द्वारा एक स्वर में बहुमत से यह प्रस्ताव पास किया गया तथा उपरोक्त कार्य कराने के लिए अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किया गया।

4– वार्ड सदस्य श्रीमती ज्योति गुप्ता द्वारा बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव लाया गया कि–

(1)– किछौछा माली चौराहा में पश्चिम जाने वाली मार्ग गोलपुर मोड़ तक स्व0 मदनलाल जायसवाल मार्ग नाम किया जाय।

(2)– किछौछा में मौखिक नाम माली चौराहा को स्थाई माली चौराहा का नाम किया जाय, जिस पर उपस्थित समस्त सदस्यगण श्री निरंजन, श्री मयाराम, श्रीमती मीरा, श्री रामजी, श्री प्रदीप कुमार, श्री मोनू निषाद, श्री अमन गुप्ता, श्री लालमन, श्रीमती सफरून्निशां, श्री मो0 शरीफ, श्री सुबाष निषाद, श्रीमती रिजवानानिशां, श्री सूर्यलाल, श्रीमती सुनीता देवी, श्री विनोद कुमार द्वारा एक स्वर में बहुमत से प्रस्ताव पास किया गया, तथा उपरोक्त कार्य कराने के लिए अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किया गया।

5– वार्ड सदस्य श्रीमती सुनीता देवी द्वारा बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव लाया गया कि–

(1)– किछौछा दुर्गा मन्दिर मोड तिराहे का नाम वासदेव साव तिराहा नामकरण किया जाय।

(2)– किछौछा दुर्गा मन्दिर से लेकर किछौछा बाजार होते हुए जलालपुर मार्ग तक डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग किया जाय, जिस पर उपस्थित समस्त सदस्यगण– श्री निरंजन, श्री मयाराम, श्रीमती मीरा, श्री रामजी, श्री प्रदीप कुमार, श्रीमती ज्योति गुप्ता, श्री अमन गुप्ता, श्री लालमन, श्रीमती सफरून्निशां, मो0 शरीफ, श्री सुबाष निषाद, श्री मोनू निषाद, श्रीमती रिजवानानिशां, श्री सूर्यलाल, श्री विनोद कुमार द्वारा एक स्वर में यह प्रस्ताव बहुमत से पास किया गया तथा उपरोक्त कार्य कराने के लिए अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किया गया।

6– वार्ड सदस्य श्रीमती सफरून्निशां द्वारा बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव लाया गया कि–

(1)– किछौछा माली चौराहा पूरब के रास्ते होते हुए जामा मस्जिद तक हाजी अब्दुल कादिर अंसारी मार्ग नाम किया जाय जिस पर उपस्थित सदस्यगण– श्री मयाराम, श्री निरंजन, श्रीमती मीरा, श्री रामजी, श्री प्रदीप कुमार, श्रीमती ज्योति गुप्ता, श्री अमन गुप्ता, श्री लालमन, श्री मो0 शरीफ, श्री मोनू निषाद, श्रीमती रिजवानानिशां, श्री सूर्यलाल, श्रीमती सुनीता देवी, श्री विनोद कुमार द्वारा एक स्वर में यह प्रस्ताव बहुमत से पास किया गया तथा उपरोक्त कार्य कराने के लिए अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किया गया।

14– वार्ड 13 मा0 सदस्य श्री मोनू निषाद द्वारा बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव लाया गया कि– निषाद बस्ती व बिलायी बीबी से आने मार्ग फैजान खान के घर के पास तिराहा का नाम रियाज तिराहा नाम किया जाय। जिस पर उपस्थित सदस्यगण– श्री निरंजन, श्री मयाराम, श्रीमती मीरा, श्री रामजी, श्री प्रदीप कुमार, श्रीमती ज्योति गुप्ता, श्री अमन गुप्ता, श्री लालमन, मो0 शरीफ, श्री सुबाष निषाद, श्रीमती रिजवानानिशां, श्री सूर्यलाल, श्री विनोद कुमार, श्रीमती सफरून्निशां, श्रीमती सुनीता देवी द्वारा यह प्रस्ताव बहुमत से पास किया गया उक्त कार्य कराने के लिए अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किया गया।

15– वार्ड नं0-07 श्रीमती ज्योति गुप्ता द्वारा बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव लाया गया कि– किछौछा बाजार में श्री लालचन्द्र कपड़ा वाले के मकान के पास तिराहा का नाम राम जानकी तिराहा नाम किया जाय, जिस पर उपस्थित सदस्यगणों द्वारा एक स्वर में पूर्ण बहुमत से पास किया गया (श्री निरंजन, श्री मयाराम, श्रीमती मीरा, श्री रामजी, श्री प्रदीप कुमार, श्री अमन गुप्ता, श्री लालमन, मो0 शरीफ, श्री सुबाष निषाद, श्रीमती रिजवानानिशां, श्री सूर्यलाल, श्री विनोद कुमार, श्रीमती सफरून्निशां, श्रीमती सुनीता देवी) ने उक्त कार्य कराने हेतु अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किया गया।

नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा समिति/बोर्ड बैठक दिनांक 22 फरवरी, 2024 को नगर पंचायत अध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में नगर पंचायत कार्यालय में समय 02:00 अपरान्ह प्रारम्भ की गयी।

अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से–

10– वार्ड सदस्य मा0 श्री मोनू निषाद द्वारा बोर्ड के समक्ष यह बात लायी गयी कि–

(4)– नईबस्ती मोड़ पर लगे साइनबोर्ड पर लिखे हुए नाम के स्थान पर परम पूज्य सन्त श्री कमला पण्डित मार्ग, आये हुए सभी श्रद्धालुओं का नगर पंचायत हार्दिक स्वागत अभिनन्द करती है ठीक दूसरी तरफ नगर पंचायत में आगमन के लिए धन्यवाद आपकी यात्रा मंगलमय हो, जिस पर उपस्थित मा0 सदस्यगणों द्वारा यह प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास किया गया तथा अधि0अधि0/अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किया गया।

(ह0) अस्पष्ट,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा,
अम्बेडकरनगर।

कार्यालय, नगर पंचायत भारतगंज, जनपद प्रयागराज

24 जून, 2024 ई0

सं0 1468/न0पं0भा0/2024-25—उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा-298 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत भारतगंज द्वारा विविध कर (शुल्क) नियमावली, 2024 उपविधि नगर पंचायत भारतगंज जनपद प्रयागराज द्वारा नगर पंचायत सीमा के अन्तर्गत विविध कर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2024 प्रस्तावित करते हुए उपरोक्त नियमावली की धारा-301 के अन्तर्गत प्रकाशन के पश्चात् उसके किसी बिन्दु या सभी बिन्दुओं पर किसी व्यक्ति/समूह को आपत्ति हो या सुझाव हो तो अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज के कार्यालय में प्रकाशन-तिथि के 30 दिन के अन्दर प्राप्त करा सकता है, तद्क्रम में नगर पंचायत भारतगंज द्वारा बोर्ड दिनांक 07 मार्च, 2024 प्रस्ताव संख्या 04 द्वारा प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। तद्क्रम में दैनिक समाचार-पत्र अमर उजाला दिनांक 21 जुलाई, 2024 एवं आज 23 जुलाई, 2024 को प्रकाशित कराकर 30 दिवस के अन्दर आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किया गया, निर्धारित समयावधि 30 दिन के अन्दर कोई भी आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त नहीं हुआ। बोर्ड बैठक दिनांक 10 सितम्बर, 2024 के प्रस्ताव संख्या 19 के द्वारा उपरोक्त उपविधि को उसी रूप में सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी है। निम्नवत् उपविधि को गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी माना जायेगा।

''विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2024''

शासनादेश सं0 2399/नौ-9-94-204 (जनरल)/90 दिनांक 27 अक्टूबर, 1994 के अनुपालन में उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा-298 जो नगर पंचायत, पर प्रवृत्त है, के अंतर्गत नगर पंचायत, भारतगंज, प्रयागराज में विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2024 कहलायेगी, जिसका विवरण निम्नानुसार है—

1— संक्षिप्त नाम, पदनाम एवं प्रारम्भ—

(1)— यह उपविधि विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली, 2024 कहलायेगी।

(2)— यह नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज की सीमा में प्रवृत्त होगी।

(3)— यह उपविधि उ0प्र0 राजपत्र में प्रकाशन होने के दिनांक से नगर पंचायत भारतगंज में प्रवृत्त होगी।

2— परिभाषायें—उपरोक्त नियमावली में विषय या प्रयोग में कोई शर्त प्रतिकूल न होने पर इस अधिनियम में उल्लिखित शब्द का अर्थ यह पढ़ा व समझा जाये।

(1)— 'अध्यक्ष/प्रशासक' का तात्पर्य नगर पंचायत, भारतगंज के अध्यक्ष/प्रशासक से है।

(2)— 'अधिशासी अधिकारी' का तात्पर्य नगर पंचायत, भारतगंज के अधिशासी अधिकारी से है।

(3)— 'प्रभारी अधिकारी' का तात्पर्य, नगर पंचायत, भारतगंज के प्रभारी अधिकारी से है।

(4)— 'लाइसेंसिंग अधिकारी' का तात्पर्य, नगर पंचायत, भारतगंज के लाइसेंसिंग अधिकारी से है।

(5)— 'अधिनियम' का तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 से है।

(6)— 'नगर पंचायत' का तात्पर्य नगर पंचायत, भारतगंज से है।

3—उपनियम—

(1)— इस उपनियम के अन्तर्गत कोई भी दुकानदार व अन्य व्यवसायी लाईसेंस प्राप्त किये बिना अपनी दुकान/व्यवसाय नहीं चला सकेगा एवं इस उपनियम के लागू होने के पूर्व चल रहे समस्त दुकान/व्यवसाय का लाइसेंस दुकानदार/व्यवसायी को प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(2)— इस उपनियम के अन्तर्गत प्राप्त लाइसेंस की अवधि 03 वर्ष की होगी जो 01 अप्रैल से लागू हो 31 मार्च करना अनिवार्य होगा।

(3)— प्रत्येक दुकानदार/व्यवसायी को पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क की धनराशि को अदा करके लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(4)– दुकानदार/व्यवसायी को लाइसेंस प्राप्त करने के लिए अपेक्षित धनराशि कार्यालय, नगर पंचायत, भारतगंज में जमा कर अथवा नगर पंचायत कार्यालय द्वारा अधिकृत कर्मचारी को जमा करके रसीद प्राप्त कर सकता है।

(5)– दुकानदार/व्यवसायी को सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बॉटों का मापों में प्रयोग करना अनिवार्य होगा।

(6)– इस उपनियम के अन्तर्गत प्राप्त लाइसेंस केन्द्र/राज्य सरकार/अन्य किसी विधिक संस्था द्वारा तालिका में उल्लिखित व्यवसायों के नियन्त्रण हेतु लाइसेंस से भिन्न होगा।

(7)– कोई ऐसा व्यक्ति जो किसी छुआ-छूत की बीमारी से ग्रस्त है, वह उल्लिखित तालिका में वर्णित व्यवसाय नहीं करेगा एवं ऐसे व्यक्ति को उल्लिखित व्यवसायों में सहायक अथवा नौकर भी रखने का अधिकार नहीं होगा।

(8)– नगर पंचायत, भारतगंज के अध्यक्ष/प्रशासक/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी/ अधिकृत कर्मचारी किसी भी समय दुकान के लाइसेंस का निरीक्षण कर सकते हैं और प्रत्येक दुकानदार/व्यवसायी लाइसेंस दिखाने के लिए बाध्य होंगे तथा प्रत्येक दुकान के अन्दर आवश्यक स्थिति में प्रवेश के लिए अधिकृत होंगे।

(9)– अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, भारतगंज के द्वारा लाइसेंस उपनियमावली की शुल्क की दरें स्वतः निरस्त हो जायेगी।

(10)– जो शुल्क इस तालिका में नहीं है उसे सम्बन्धित व्यवसाय के समकक्ष मानकर उसी के अनुरूप लाइसेंस शुल्क लिया जायेगा।

(11)– इस उपनियम के प्रभावी होते ही पूर्व में प्रभावी फैक्ट्री/दुकान/वाहन लाइसेंस उपनियमावली की शुल्क की दरें स्वतः निरस्त हो जायेगी।

(12)– वाहन के लाइसेंस न बनाने अथवा चेकिंग में पकड़े जाने पर वाहन जमा कराकर इससे अधिकृत कर्मचारी रसीद दे देंगे तथा वाहन बन्द किये जा सकते है तत्पश्चात् 15 दिन में लाईसेंस न बनवाने पर लाईसेंसिंग अधिकारी द्वारा उक्त वाहनों की सार्वजनिक नीलामी करायी जा सकती है।

(13)– उपनियमों में संशोधन पंचायत बोर्ड किसी भी समय कर सकता है, एवं शर्तों के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश आवश्यकतानुसार किसी भी समय निर्गत किये जा सकते है।

(14)– वित्तीय वर्ष के माह जून तक प्रत्येक दुकानदार/व्यवसायी को लाइसेंस बनवाना अनिवार्य होगा अन्यथा उनसे प्रतिमाह रु0 100.00 विलम्ब शुल्क के रूप में वसूल किया जायेगा।

(15)– दुकानदार/व्यवसायी द्वारा लाइसेंस शुल्क वर्तमान वित्तीय वर्ष के अन्दर जमा नहीं करने पर इसकी वसूली भू-राजस्व की भॉति करायी जायेगी।

(16)– नगर पंचायत बोर्ड/शासनादेश के निर्णयानुसार लागू लाइसेंस शुल्क में आवश्यक वृद्धि की जा सकती है।

(17)– दुकानदार/व्यवसायी अपना व्यवसाय/दुकान चाहे अपने निजी मकान/दुकान/खुली जमीन अथवा किराये के मकान/दुकान/खुली जमीन पर करता है, उसे अपने दुकान/व्यवसाय के अनुरूप लाइसेंस बनवाना अनिवार्य होगा।

(18)– सक्षम अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह किसी भी लाइसेंस को किसी भी समय निरस्त कर सकता है अथवा उचित नहीं होने पर लाइसेंस देने से इन्कार करने का अधिकार होगा।

(19)– व्यवसायिक लाइसेंस प्राप्त करने हेतु अन्य आवंटन विभागों से एन0ओ0सी0 इत्यादि प्राप्त करने की समस्त जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

4– लाइसेंस शुल्क– शासनादेश सं0 541/नौ-9-99-23ज/97टी0सी0 दिनांक 15 फरवरी, 1999 समहित सं0 1241/नौ-9-98-23ज/97 दिनांक 10 जून, 1998 नगर पालिका अधिनियम,1916 की धारा-298, के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये लाइसेंस शुल्क (35 मद) अनुसूची दरें वसूली प्रभाव रहेगा।

वार्षिक दरें–

क्रम सं0	दुकान/व्यवसाय का नाम	लाइसेंस हेतु निर्धारित दरें प्रति वर्ष
1	2	3
		रुपये–
01	पॉच सितारा होटल	12,000.00
02	तीन सितारा होटल	9,000.00
03	होटल/लॉजिंग/गेस्ट हाऊस (10 शैय्या तक)	900.00
04	प्राइवेट नर्सिंग होम (20 बेड से ऊपर)	5,000.00
05	प्राइवेट नर्सिंग होम (20 बेड तक)	3,000.00
06	प्राइवेट प्रसूति गृह (20 बेड से ऊपर)	5,000.00
07	प्राइवेट प्रसूति गृह (20 बेड तक)	3,000.00
08	प्राइवेट अस्पताल (बिना ऑपरेशन)	2,000.00
09	प्राइवेट अस्पताल (ऑपरेशन युक्त)	5,000.00
10	एक्स-रे क्लीनिक	2,000.00
11	पैथालॉजी सेन्टर	2,000.00
12	प्राइवेट क्लीनिक	1,000.00
13	ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा 07 सीटर तक	500.00
14	ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा 04 सीटर	250.00
15	ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा 02 सीटर	150.00
16	बस	1,500.00
17	मिनी बस	1,000.00
18	टैम्पों/जीप/टैक्सी आदि	500.0
19	तॉगा	30.00
20	रिक्शा किराये पर चालित	100.00
21	रिक्शा निजी चालित	50.00
22	रिक्शा चालक शुल्क	20.00
23	ठेला	75.00
24	हाथ ठेला	20.00
25	ट्रॉली मशीन चालित	500.00
26	अन्य चार पहिया व्यापारिक वाहन	750.00
27	धुलाई गृह लॉण्ड्री	500.00
28	ड्राई क्लीनर लॉण्ड्री	1,000.00
29	फाइनेन्स कम्पनी	10,000.00
30	इंश्योरेंस कम्पनी	15,000.00
31	फाउण्डिंग इण्डस्ट्रीज	500.00

32	पशु स्लाटर हाउस (प्रति पशु)	50.00
33	हड्डी / खाल / बाल गोदाम	1,000.00
34	पशु पालन (प्रति पशु)	10.00
35	कांजी हाउस में बन्द जानवरों पर जुर्माना	500.00
	(क) प्रतिदिन खुराकी बड़े जानवर	100.00
	(ख) प्रतिदिन खुराकी छोटे जानवर	50.00

5– जलमूल्य वसूली–

(1)– उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश सं0 1010-19-2-96(2)-96 दिनांक 08 जनवरी, 1997 के द्वारा नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा-298 के अंतर्गत की निम्नवत् दरें प्रस्तावित है–

क्रमांक	घरेलू संसोधित दरें	वर्तमान प्रतिमाह
1	2	3
		रुपये–
1	घरेलू	50.00
2	व्यावसासिक	100.00

(2)– नगर पंचायत के अन्तर्गत ऐसे भवन स्वामियों जो घरेलू सबमर्सिबल पानी का उपयोग करते है, को वार्षिक शुल्क रु0 1,000.00 देय होगा।

(3)– ऐसे भवन स्वामी जो व्यावसायिक सबमर्सिबल का प्रयोग करते है वार्षिक मूल्य रु0 2,000.00 देय होगा।

(4)– वसूली अवधि 01 अप्रैल से 31 मार्च होगी।

(5)– नगर पंचायत, वार्षिक बिल वितरण कराकर वसूली करायेगी।

(6)– नगर पंचायत, समुचित अभिलेखों को प्रत्येक वित्तीय वर्षवार अनुरक्षित रखेगी, जिसमें डिमाण्ड रजिस्टर को तैयार कराना तथा निर्धारित समय में बिल तैयार कर वितरित करना।

6– शो टैक्स– नगर पंचायत, भारतगंज सीमान्तर्गत मनोरंजन के माध्यम से फिल्म प्रदर्शित किया जाता है तो ऐसे स्वामियों से रु0 50.00 प्रति शो की दर से वसूला जायेगा।

7– विज्ञापन शुल्क– सचिव, उत्तर प्रदेश, नगर विकास अनुभाग-9 शासनादेश सं0 618 / नौ-9-2012-277ज / 2011 दिनांक 05 अप्रैल, 2012 के द्वारा विज्ञापन / प्रचार के सम्बन्ध में दिशा निर्देश–

(1)– विज्ञापन या विज्ञापन पट के लिये ऐसे स्थल चिन्हित किये जायेंगे जो प्रत्येक दृष्टि से निरापद, निर्वाद, गमनागन और सुगम यातायात के लिये सर्वथा उपयुक्त हो।

(2)– विज्ञापन पटों की सुदृढ़ता प्रत्येक दशा में सुनिश्चित की जाये ताकि कोई दुर्घटना न होने पाये।

(3)– विज्ञापन को वृक्षों, बल्लियों, बॉस या लकड़ियों से बांधा नहीं जायेगा। उस बात पर विशेष ध्यान दिया जाये कि विज्ञापन से आस-पास के कलात्मक सौन्दर्य नष्ट न हो और लोक सम्पत्ति किसी भी प्रकार से विरूपित न हो।

(4)– विज्ञापन कर रु0 6.00 प्रति वर्गफुट प्रतिमाह देय है।

(5)– कोई भी विज्ञापन या विज्ञापन पट किसी भी दशा में जनहित और निकाय के प्रतिकूल नहीं होने चाहिये और उसमें सम्प्रदर्शित विज्ञापन किसी भी प्रकार से अशिष्ट, अश्लील, स्वास्थ्य के लिये हानिकारक अथवा आपत्तिजनक प्रवृत्ति के नहीं होने चाहिये।

8– ट्रांसफार्मर सब स्टेशन पर शुल्क–

(1)– पंचायत सीमा में अधिष्ठापित बिजली के ट्रान्सफार्मर 250 के0वी0ए0 क्षमता तक शुल्क रु0 5,000.00/– एवं 400 के0वी0ए0 क्षमता तक शुल्क रु0 10,000.00/– वार्षिक प्रति ट्रान्सफार्मर 400 के0बी0 की अधिक की क्षमता के लियें– रु0 25,000/– वार्षिक।

(2)– पंचायत, सीमा में अधिष्ठापित बिजली के पावर हाउस/सब स्टेशन पर शुल्क रु0 50,000.00 वार्षिक।

9– नगर पंचायत दुकान एवं बारात घर पर किराया शुल्क–

(1)– नगर पंचायत दुकान एवं सम्पत्तियों को भली-भॉति रख–रखाव करने हेतु प्रत्येक तीन वर्ष में 10 प्रतिशत किराये में बृद्धि करेगी।

(2)– ऐसे किरायेदारों द्वारा अनुबन्ध-पत्र उल्लंघन करने पर नगर पंचायत द्वारा बेदखल नोटिस जारी कर पुनः नीलामी की कार्यवाही कर दी जायेगी।

(3)– दुकान का किराया– रु0 2,000.00/–प्रतिमाह

(4)– नगर पंचायत, भारतगंज द्वारा स्थित बारात घर का किराया रु0 15,000.00 प्रतिदिन तथा कार्यक्रम के उपरान्त बारात घर की सफाई एवं जनित कूड़े का निस्तारण शुल्क अलग से देय होगा।

10– अनापत्ति प्रमाण-पत्र शुल्क प्रति वर्ष–

(1)– मछली फुटकर बिक्री	रु0 500.00
(2)– मछली थोक बिक्री	रु0 1,000.00
(3)– फल फुटकर बिक्री	रु0 500.00
(4)– फल थोक बिक्री	रु0 2,000.00
(5)– सब्जी फुटकर बिक्री	रु0 500.00
(6)– सब्जी थोक बिक्री	रु0 2,000.00
(7)– अण्डा फुटकर बिक्री	रु0 500.00
(8)– अण्डा थोक बिक्री	रु0 2,000.00
(9)– मुर्गा, बकरा, भैंस-भैंसा बिक्री	रु0 5,000.00

11– विविधकर (शुल्क) की दरें–

(1)– प्रमाण-पत्र शुल्क रु0 100.00 (सौ रु0 मात्र) प्रति प्रमाण-पत्र।

(2)– पानी टैंकर का किराया (नगर पंचायत सीमा में वैवाहिक कार्य/सामाजिक कार्य हेतु) रु0 500.00 (पांच सौ) मात्र एवं नगर पंचायत सीमा में निर्माण/अन्य कार्य हेतु रु0 1000.00 (एक हजार) रू0 मात्र प्रति टैंकर प्रतिदिन।

(3)– पानी टैंकर का किराया (नगर पंचायत सीमा के बाहर 20 कि0मी0 अधिकतम में वैवाहिक कार्य/सामाजिक कार्य हेतु) रु0 2,000.00 दो हजार रू0 मात्र प्रति टैंकर एवं नगर पंचायत सीमा के बाहर 20 कि0मी0 अधिकतम में निर्माण/अन्य कार्य हेतु रु0 2500.00 दो हजार पाँच सौ मात्र प्रति टैंकर प्रतिदिन।

(4)– सीवरेज टैंकर उपयोग शुल्क (नगर पंचायत सीमान्तर्गत) रु0 2,500.00 प्रति चक्कर/प्रति टैंकर एवं नगर पंचायत सीमा के बाहर 20 कि0मी0 अधिकतम में शुल्क रु0 4,000.00 प्रति चक्कर/प्रति टैंकर।

(5)– पंचायत सीमा में स्थित पैट्रोल पम्प पर व्यावसायिक शुल्क रु0 3,000.00 (तीन हजार मात्र) वार्षिक।

(6)– पंचायत सीमा में स्थित कोचिंग संस्थानों पर व्यावसायिक शुल्क रु0 1000.00 (एक हजार मात्र) वार्षिक।

(7)– पंचायत सीमा में व्यवसाय करने वाले गेस्ट हाउस/अतिथि गृह पर व्यावसायिक शुल्क रु0 15,000.00 (पन्द्रह हजार मात्र) वार्षिक।

(8)– पंचायत सीमा में व्यवसाय करने वाले रेस्टोरेन्ट/ढाबा पर व्यावसायिक शुल्क रु0 5,000.00 (पाँच हजार मात्र) वार्षिक।

(9)– पंचायत सीमा में स्थित आटा चक्की/पालेशर मशीन/तेल पिराई मशीन/रूई धुनाई मशीन पर व्यवसायिक शुल्क रु0 1,000.00 (रु0 एक हजार) वार्षिक।

(10)– गाय/भैंस/सुअर इत्यादि सभी प्रकार के पालतू जानवरों को खुला छोड़ने पर पकड़े जाने पर शुल्क रु0 500.00 प्रति प्रकरण/प्रति दिन।

(11)– पंचायत सीमा में निर्मित होने वाले सार्वजनिक शौचालयों के मूत्रालय प्रयोक्ता प्रति व्यक्ति से शुल्क रु0 5.00 एवं शौचालय प्रयोक्ता प्रति व्यक्ति से शुल्क रु0 10.00 लिया जायेगा।

(12)– पंचायत सीमा में स्थित नाली/नाला/सड़क/अन्य सार्वजनिक सम्पत्ति पर अवैध कब्जा पाये जाने पर पेनाल्टी शुल्क रु0 1,000.0 प्रति प्रकरण तथा पुनरावृत्ति करने पर रु0 5,000.00 प्रति प्रकरण।

(13)– पंचायत सीमा में स्थित व व्यवसाय करने वाले छोटे दुकानदारों (200 वर्ग फिट क्षेत्रफल या उससे कम कवर्ड एरिया) से व्यवसायिक शुल्क रु0 500.00 वार्षिक तथा बड़े दुकानदारों (200 वर्ग फिट क्षेत्रफल या उससे अधिक कवर्ड एरिया) से व्यावसायिक शुल्क रु0 1,000.00 वार्षिक।

(14)– छोटी बाउण्ड्री युक्त भू-खण्ड या मकानों के मध्य खाली भू-खण्ड पर पड़ोसियों के द्वारा कूड़ा करकट फेंकने को दृष्टिगत रखते हुए उनके द्वारा अपने खाली भू-खण्डों एवं छोटी बाउण्ड्रीवाल पर न्यूनतम दो मीटर ऊँची बाउण्ड्रीवाल निर्मित न कराने पर पेनाल्टी शुल्क प्रति प्रकरण रु0 2,500.00 (रु0 दो हजार पाँच सौ) वार्षिक।

(15)– नगर पंचायत सीमा में स्थित राइस, गन्ना मिल पर व्यावसायिक शुल्क रु0 5,000.00 वार्षिक।

(16)– नगर पंचायत सीमा में संचालित आरा मशीन, आइस फैक्ट्री पर व्यावसायिक शुल्क रु0 2,000.00 (दो हजार) वार्षिक।

(17)– नगर पंचायत सीमा में स्थित डेरी, प्रेशर मशीन (गाड़ी धुलाई केन्द्र) पर व्यावसायिक शुल्क रु0 2,000.00 (दो हजार) वार्षिक।

(18)– नगर पंचायत सीमा में स्थित आर0ओ0 प्लांट/निजी जलापूर्ति प्रणाली पर व्यावसायिक शुल्क रु0 2,000.00 (दो हजार) वार्षिक।

(19)– नगर पंचायत सीमा में स्थित मोटर साइकिल एजेन्सी, ट्रैक्टर एजेन्सी पर व्यावसायिक शुल्क रु0 3,000.00 (तीन हजार) वार्षिक।

(20)– नगर पंचायत के जे0सी0बी0 का किराया रु0 1,100.00 (एक हजार एक सौ) रु0 प्रति घंटा नगर पंचायत सीमान्तर्गत तथा आने-जाने का समय सहित।

(21)– मोबाइल टायलेट किराया रु0 1,000.00 प्रति दिन/प्रति बुकिंग।

(22)– नगर पंचायत सीमान्तर्गत संचालित ईंट भट्ठों पर लाइसेंस शुल्क रु0 10,000.00 (दस हजार) वार्षिक शुल्क।

(23)– नगर पंचायत सीमा में गल्ला/अनाज की आढ़त व्यावसायिक शुल्क रु0 2,000.00 (दो हजार) वार्षिक।

(24)– नगर पंचायत सीमा में स्थित समस्त बैंकों पर व्यावसायिक शुल्क 5,000.00 (पांच हजार) वार्षिक प्रति शाखा।

(25)– नगर पंचायत सीमा में जल कनेक्शन के उद्देश्य से रोड कटिंग चार्ज रु0 1,000.00 (एक हजार) रुपया प्रति कनेक्शन।

(26)– नगर पंचायत सीमा में जल कनेक्शन हेतु जमानत धनराशि रु0 1,000.00 (एक हजार) रुपया प्रति कनेक्शन।

(27)– नगर पंचायत सीमान्तर्गत समस्त विकास कार्य सम्बन्धी ठेकेदार पंजीकरण शुल्क रु0 15,000.00 (रु0 पन्द्रह हजार मात्र) वार्षिक, वित्तीय वर्ष के प्रथम मास तक। तद्पोरान्त रु0 1,000.00 (एक हजार) मासिक विलम्ब शुल्क के साथ।

(28)– ठेकेदार नवीनीकरण शुल्क रु0 5,000.00 (रु0 पांच हजार मात्र) वार्षिक, वित्तीय वर्ष के प्रथम मास तक।

(29)– शटरिंग/तख्ता बल्ली को किराये पर उठाने के व्यवसाय पर रु0 2000.00 वार्षिक (रु0 दो हजार मात्र)।

(30)– देशी शराब व्यावसायिक शुल्क प्रति दुकान रु0 5,000.00 (रु0 पांच हजार) वार्षिक।

(31)– विदेशी शराब व्यावसायिक शुल्क प्रति दुकान रु0 10,000.00 (रु0 दस हजार) वार्षिक।

(32)– बार/बियर दुकान पर व्यावसायिक शुल्क प्रति दुकान रु0 10,000.00 (रु0 दस हजार) वार्षिक।

(33)– माडल शॉप व्यावसायिक शुल्क प्रति दुकान रु0 15,000.00 (रु0 पन्द्रह हजार) वार्षिक।

(34)– समस्त प्रकार की भवन निर्माण सामग्री सीमेंट/सरिया/मौरंग इत्यादि विक्रेता व्यावसायिक शुल्क रु0 5,000.00 (पांच हजार) वार्षिक।

(35)– मा0 राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेशों के क्रम में एनजीटी एक्ट, 2010 की धारा-15/16 के अन्तर्गत नगर क्षेत्र में खुले में कूड़ा जलाने पर अर्थदण्ड प्रति प्रकरण रु0 5000.00 (पांच हजार मात्र) एंव सड़क के किनारे भवन निर्माण सामग्री एकत्रित करने/मलबा रखे जाने पर रु0 50,000.00 (पचास हजार मात्र) अर्थदण्ड।

दण्ड

उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा-299(1) के अधीन अधिकारों का प्रयोग करते हुये निर्देश दिया जाता है कि कोई व्यक्ति उपरोक्त नियमों के किसी भी धारा का उल्लंघन करेगा या करने में प्रोत्साहित करेगा उस व्यक्ति पर अर्थदण्ड लगाया जायेगा जो इस उपनियम में दिये गये निर्धारित शुल्क के दो गुना से दस गुना तक हो सकता है। यदि अपराध निरन्तर जारी रहेगा तो अतिरिक्त दण्ड लगाया जायेगा, जो प्रथम दोष सिद्ध होने की तिथि से या प्रमाणित हो जाने पर की अपराधी ने निरन्तर अपराध जारी रखा है तो रु0 25 (पच्चीस रुपये) प्रतिदिन तक हो सकता है एवं जुर्माना के साथ-साथ तीन मास का कारावास तक का दण्ड सक्षम न्यायालय से दिया जा सकता है।

(ह0) अस्पष्ट,
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत भारतगंज,
प्रयागराज।

कार्यालय, नगर पंचायत भारतगंज, जनपद प्रयागराज

भवन निर्माण उपविधि-2024

24 जून, 2024 ई0

सं0 1468/न0पं0भा0(उपविधियों)/भवन निर्माण/प्रकाशन/2024-25–उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 (अधिनियम संख्या-2, 1916) की धारा-298 (2) के उपखण्ड-(क) क, ख, ग, घ, ड. के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते नगर पंचायत भारतगंज, जनपद-प्रयागराज द्वारा नगर पंचायत सीमा के अन्तर्गत भवन निर्माण उपविध नियमावली, 2024 प्रस्तावित करते हुए उपरोक्त नियमावली की धारा-301 के अन्तर्गत प्रकाशन के पश्चात् उसके किसी बिन्दु या सभी बिन्दुओं पर किसी व्यक्ति/समूह को आपत्ति हो या सुझाव हो तो अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज के कार्यालय में प्रकाशन तिथि के 30 दिन के अन्दर प्राप्त करा सकता है, तद्क्रम में नगर पंचायत, भारतगंज द्वारा बोर्ड दिनांक 07 मार्च, 2024 प्रस्ताव संख्या 04 द्वारा प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। तद्क्रम में दैनिक समाचार-पत्र अमर उजाला दिनांक 21 जुलाई 2024 एवं आज 23 जुलाई 2024 को प्रकाशित कराकर 30 दिवस के अन्दर आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किया गया, निर्धारित समयावधि 30 दिन के अन्दर कोई भी आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त नहीं हुआ। बोर्ड बैठक दिनांक 10 सितम्बर 2024 के प्रस्ताव संख्या 19 के द्वारा उपरोक्त उपविधि को उसी रूप में सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी है। निम्नवत् उपविधि को गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी माना जायेगा।

1– **शीर्षक**– यह उपविधि नगर पंचायत भारतगंज, जनपद प्रयागराज भवन निर्माण उपविधि वर्ष-2024 कहलायेगी।

2– **प्रकृति**– यह उपविधि उत्तर प्रदेश साधारण गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से नगर पंचायत भारतगंज, जनपद-प्रयागराज में प्रभावी रहेगी।

3– **परिभाषायें**– जब तक विषय या प्रसंग से कोई बात प्रतिकूल न हो इस उपविधियों में–

1– **''अधिनियम''** का तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम संख्या–2, 1916 से है।

2– **''अधिशासी अधिकारी''** का तात्पर्य नगर पंचायत भारतगंज, जनपद-प्रयागराज के अधिशासी अधिकारी से है।

3– **''बोर्ड/समिति''** का तात्पर्य नगर पंचायत भारतगंज, जनपद-प्रयागराज के बोर्ड/समिति से है।

4–**''अध्यक्ष''** का तात्पर्य नगर पंचायत भारतगंज, जनपद-प्रयागराज के अध्यक्ष/प्रशासक से है।

5–**''नगर पंचायत''** का तात्पर्य नगर पंचायत भारतगंज, जनपद-प्रयागराज से है।

6– **''नगर पंचायत की सीमाओं''** का तात्पर्य वर्तमान में निर्धारित सीमाओं या भविष्य में बढ़ाने से निर्धारित होकर प्रभारी होने वाली सीमा से है।

4– **नोटिस**– यदि कोई व्यक्ति जो नगर पंचायत भारतगंज, जनपद-प्रयागराज की सीमा के अन्तर्गत किसी भवन अथवा भू-खण्ड का स्वामी है और किराये पर देने और विक्रय करने अथवा पट्टे पर देने का हक रखता है और उस पर निर्माण या परिवर्तन करना चाहता है तो वह उक्त एक्ट की धारा-178 के अन्तर्गत नगर पंचायत को निर्धारित प्रारूप में नोटिस देगा।

नोटिस के साथ निम्नलिखित विवरण व मानचित्र संलग्न होगा–

(क)– स्थल का मानचित्र– अनुज्ञा के प्रार्थना-पत्र के साथ प्रेषित मानचित्र एक मीटर बराबर एक सेन्टीमीटर के पैगाने से कम नहीं खींचा जायेगा तथा उसमें निम्नलिखित विवरण प्रदर्शित होंगे–

1– स्थल की सीमायें और उनकी माप तथा समीपवर्ती भूमि, जो उनके स्वामी की हो।

2– स्थल का नजरी नक्शा (की प्लान) तथा भू-विन्यास या भू-खण्डों का विभाजन।

3– समीपवर्ती सड़कों की स्थिति तथा सड़क/सड़कों के नाम जिन पर भवन स्थित है।

4– भूमि का स्वामित्व प्रमाण-पत्र।

5– विद्यमान सड़क से भवन तक तथा सभी भवनों तक जो प्रार्थी सीमावर्ती भूमि पर बनाना चाहता है, पहुॅचने (यदि कोई हो) का मार्ग।

6– स्थल का क्षेत्रफल, कुर्सी का क्षेत्रफल, प्रत्येक फर्श का क्षेत्रफल।

7– प्रस्तावित भवन का विस्तृत मानचित्र जिसमें भवन सम्बन्धी समस्त विवरण अंकित हों।

8– यदि किसी बड़े भू-खण्ड पर कई आवासीय भवन पृथक-पृथक परिवार के लिए बनाये जाने हों तो सभी व्यक्तियों के आने जाने हेतु अपनी भूमि से सार्वजनिक सड़क के रूप में जगह छोड़ी जायेगी, जिसे विकसित करना होगा।

सभी व्यक्तियों के आने जाने हेतु अपनी भूमि से सार्वजनिक सड़क के रूप में जगह छोड़ी जायेगी, जिसे विकसित करना होगा।

(ख)– भवनों का मानचित्र– भवन के अगले भाग तथा खण्ड के विस्तृत मानचित्र जो नोटिस के साथ संलग्न हों, एक मीटर बराबर एक सेन्टीमीटर के माप के खींचे होने चाहिये और उनमें विभिन्न रंगो में दिखलाया जाना चाहिये।

मानचित्र में निम्नलिखित विवरण सम्मिलित होंगे–

1– प्रति एक मंजिल का मानचित्र, प्रत्येक तल के आच्छादित भाग का विवरण, सभी कमरों, खिड़कियों, रोशनदानों, खुलने वाले दरवाजों, सीढ़ियों आदि को ठीक स्थिति तथा आकार।

2– नालियों, गटरों, जल निकासी, बिजली लाईन तथा अन्य प्रयोग की चीजों की स्थिति।

3– शौचकूप, स्नानागार, नाबदान जैसे सेवाओं की वास्तविक स्थिति।

4– मानचित्र में नवीन, जिसके लिए प्रार्थना-पत्र प्रेषित किया जायेगा, लाल रंग तथा पुराना भवन नीले रंग से दिखाया जायेगा।

5– भू-खण्ड के क्षेत्रफल के आधार पर सेट बैट भवन का फ्रन्ट एलीवेशन की प्लान साइट प्लान, तलपट्ट मानचित्र सर्विसेज प्लान आदि का विवरण।

6– मानचित्र में वाहन (दो पहिया/चार पहिया) जो हों खड़े करने का स्थान दर्शाना होगा।

7– मान्यता प्राप्त ड्राफ्टमैन/वास्तुविद् द्वारा निर्मित मानचित्र ही स्वीकार किये जायेंगे।

8– उत्तर रेखा तथा प्रयुक्त पैमाना।

5– प्लान– इस प्रकार के नोटिस के साथ जो कि किसी भवन/भू-खण्ड के निर्माण पुनः निर्माण अथवा परिवर्तन से सम्बन्धित है मानचित्र और विवरण दो प्रतियों में संलग्न करेगा। मानचित्र ट्रेसिंग क्लाथ एवं ब्लू प्रिंट में होगा तथा भवन मानचित्र शुल्क जमा की रसीद संलग्न करेगा।

6– मानचित्र अस्वीकृत होने की दशा में जमा शुल्क का 25 प्रतिशत धनराशि स्टेशनरी शुल्क के रूप में रोक ली जायेगी तथा शेष 75 प्रतिशत धनराशि वापस कर दी जायेगी।

7– शुल्क उपनियम-4 में दर्शाया गया मानचित्र पर निम्न शुल्क अदा करना होगा–

क्रम सं0	भवन/भू-खण्ड का प्रकार	भूतल प्रति वर्ग फिट	अतिरिक्त तल प्रति वर्ग फिट
1	2	3	4
		रुपये–	रुपये–
1	निवासीय भवन (कवर्ड एरिया)	10.00	05.00
2	निवासीय भवन (ओपन एरिया)	06.00	03.00
3	व्यवसायिक भवन दुकान (कवर्ड एरिया)	20.00	10.00
4	व्यवसायिक भवन दुकान (ओपन एरिया)	15.00	08.00
5	वर्कशाप, फैक्ट्री, कारखाना आदि (कवर्ड एरिया)	30.00	15.00
6	वर्कशाप, फैक्ट्री, कारखाना आदि (ओपन एरिया)	20.00	10.00
7	भू-खण्ड/प्लाटिंग एरिया	05.00	00.00

8– मानचित्र स्वीकृत करने का न्यूनतम शुल्क रु0 5,000.00 या उपर्युक्त दरों के आधार पर जो अधिकतम होगा देय होगा।

9– प्लाटिंग एरिया के आवासीय क्षेत्रफल पर ही शुल्क देय होगा।

1– प्रतिबन्ध यह है कि मुख्य भवन का कवर्ड एरिया एवं ओपन एरिया पर निर्धारित शुल्क होगा।

2– नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा-181 के अर्न्तगत यह स्वीकृति एक वर्ष के लिए मान्य होगी।

3– सार्वजनिक मार्ग पर किसी भी प्रकार का प्रोजेक्शन स्वीकृत नहीं किया जायेगा।

4– भू-तल पर सड़क की ओर रहने वाले दरवाजे (किवाड़) भीतर की ओर खुलेंगे।

5– यदि प्रस्तावित निर्माण सार्वजनिक सड़क के सामने किया जाता है तो सड़क की पटरी से 1.20 मीटर चौड़ा रास्ता छोड़ कर निर्माण की स्वीकृति दी जायेगी।

6– धार्मिक स्थल मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरूद्वारा इसी प्रकार अन्य धार्मिक स्थलों की स्वीकृति शासन की अनुमति के उपरान्त तथा धार्मिक स्थल के बीच से 7.50 मीटर से कम की दूरी न हो तथा प्रस्तावित धार्मिक स्थल किसी अन्य धार्मिक स्थल से 100 मीटर की दूरी पर न हो।

7– विद्युत लाईन का विस्तार/परिवर्तन विद्युत विभाग की अनुमति के उपरान्त ही होगा।

8– 200 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल में बनने वाले घरों या व्यवसायिक प्रतिष्ठान आदि का मानचित्र वर्षा जल प्रबन्धन की व्यवस्था मानचित्र पर प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।

9– किसी भी व्यवसायिक प्रतिष्ठान के निर्माण हेतु पार्किंग की व्यवस्था करना अनिवार्य होगा।

8– शौचालय एवं गन्दे पानी का निकास– ऐसे व्यक्ति जो भवन का निर्माण ऐसे स्थान पर करेगा जो की सार्वजनिक नाली से 30 मीटर के भीतर होगा, तो उसे अपने भवन के पानी की नाली को सार्वजनिक नाली तक स्वयं मिलाना होगा।

9– भवन में फ्लश/लैट्रिंग अनिवार्य होगा बिना फ्लश/लैट्रिंग के मानचित्र की स्वीकृति प्रदान नहीं की जायेगी।

10– नालियॉ– भवन की नालियाँ सीमेन्ट कंक्रीट द्वारा मजबूत व पक्की नालियाँ बनायी जायेगी तथा सार्वजनिक नालियाँ से इसका जुड़ा होना भवन स्वामियों के लिए आवश्यक होगा तथा बारिश के पानी को छतों से उतारने हेतु पाईप लगाने होंगे।

11– पिलिन्थ (कुर्सी)– भवन का पिलिन्थ भवन के सामने की सड़क से कम से कम 0.50 मीटर ऊँचा रखना होगा।

12– भवन की ऊँचाई– भू-तल से फर्श छत पर ऊँचाई 3.60 मीटर ऊँचा तलों पर कम से कम 3.00 मीटर रखनी होगी।

13– (क)– भवन की किनारे व्यक्तियों के रहने के कमरों का क्षेत्रफल कम से कम 7.20 वर्गमीटर होगा तथा कमरे की चौड़ाई कम से कम 2.40 मीटर रखी जायेगी।

(ख)– कमरे में समुचित जंगलों और वेन्टीलेशनों की व्यवस्था करनी होगी जो कि खुले स्थान में होंगे तथा इनका क्षेत्रफल कमरे के क्षेत्रफल कमरे के क्षेत्रफल से 01/01 से कम नहीं होगा।

(ग)– जंगले इस प्रकार बनाये जायेंगे कि इनको पूरा खोला जा सके।

(घ)– जीना– बहु मंजिले भवनों के हवादार जीने का निर्माण आवश्यक होगा।

14– किसी ऐसे भू-खण्ड पर निवासीय भवन निर्माण की स्वीकृति नहीं दी जायेगी, जिसकी चौड़ाई 2.50 मीटर तथा लम्बाई (गहराई) 5.00 मीटर से कम होगी।

15– जानवरों का बाड़े की फर्श पक्की तथा ढालदार बनाना होगा।

16– जब सक्षम अधिकारी यह निश्चित कर लेगा कि प्रस्तावित भवन इस उपविधि से सम्बन्धित सभी शर्तों को पूरा करता है तो वह मानचित्र को स्वीकृति प्रदान करेगा।

17– निकाय/बोर्ड उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा-186 के अन्तर्गत किसी निर्माण कार्य निर्माण कार्य को रोकने तथा निर्मित भवन को गिरा देने का अधिकार होगा जब भवन या अध्यासी को किसी भवन या भवन के नाम के निर्माण, पुनःनिर्माण, परिवर्तन अथवा विस्तार किसी ऐसे दशा में जहाँ निकाय/बोर्ड का यह विचार हो कि इस प्रकार का निर्माण पुनः निर्माण, परिवर्तन या विस्तार धारा-185 के अधीन कोई अपराध है, तो भवन स्वामी को लिखित नोटिस देकर रोकने का निर्देश दे सकता है और इसी प्रकार यथास्थिति ऐसे भवन या भवन के भाग में परिवर्तन करने या उसे गिरा देने का जिसे वह आवश्यक समझे, निर्देश दे सकता है।

शास्ति

उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 (अधिनियम-2, 1916 की धारा-299(1) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत भारतगंज, जनपद प्रयागराज यह निर्देश देती है कि उपरोक्त उपविधियों के किसी अनुच्छेद का उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड किया जायेगा। जो रु0 1,000.00/– (एक हजार रुपये मात्र) तक हो सकता है। यदि उल्लंघन निरन्तर चला आ रहा हो तो रु0 25/– (पच्चीस रुपये मात्र) अर्थदण्ड प्रतिदिन किया जायेगा।

(ह0) अस्पष्ट,
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत भारतगंज,
प्रयागराज।

कार्यालय, नगर पंचायत भारतगंज, जनपद प्रयागराज

सम्पत्तियों पर गृहकर निर्धारण नियमावली, 2024

24 जून, 2024 ई0

सं0 1468/न0पं0भा0/बायलॉज/2024-25–उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा-128(1) व 126(10) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज ने अपनी बैठक 18 सितम्बर, 2023 के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र की सीमा के अन्तर्गत आने वाले सभी भवनों, इमारतों तथा भूमियों पर गृहकर निर्धारण हेतु शासनादेश सं0-408/नौ-10-63ज/95टी0सी0 नगर विकास अनुभाग-9 दिनांक 22 फरवरी, 2010 व शासनादेश सं0-135/नौ-9-11-190-द्वि0रा0वि0आ0/04, लखनऊ दिनांक 18 मार्च, 2011 के अनुपालन में नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज की सीमान्तर्गत भवनों व सम्पत्तियों पर स्वकर प्रणाली के अंतर्गत गृहकर निर्धारण किये जाने हेतु स्वमूल्यांकन व्यवस्था प्रभावी तथा संपत्तियों पर गृहकर निर्धारण नियमावली, 2024 बनायी गयी है उपरोक्त नियमावली की धारा-301 के अन्तर्गत प्रकाशन के पश्चात् उसके किसी बिन्दु या सभी बिन्दुओं पर किसी व्यक्ति/समूह को आपत्ति हो या सुझाव हो तो अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज के कार्यालय में प्रकाशन तिथि के 30 दिन के अन्दर प्राप्त करा सकता है, तद्क्रम में नगर पंचायत भारतगंज द्वारा बोर्ड दिनांक 07 मार्च, 2024 प्रस्ताव संख्या 04 द्वारा प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। तद्क्रम में दैनिक समाचार-पत्र अमर उजाला दिनांक 21 जुलाई 2024 एवं आज 23 जुलाई 2024 को प्रकाशित कराकर 30 दिवस के अन्दर आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किया गया, निर्धारित समयावधि 30 दिन के अन्दर कोई भी आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त नहीं हुआ। बोर्ड बैठक दिनांक 10 सितम्बर 2024 के प्रस्ताव संख्या 19 के द्वारा उपरोक्त उपविधि को उसी रूप में सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी है। निम्नवत् उपविधि को गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी माना जायेगा।

1– यह नियमावली नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज की सीमा में स्थित भवनों तथा सम्पत्तियों पर गृहकर निर्धारण नियमावली, 2024 कही जायेगी।

2– यह नियमावली नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज की सीमा में लागू होगी।

3– यह नियमावली राजकीय गजट में प्रकाशन के पश्चात् शासनादेश संख्या 1688/नौ-9-2021 85ज/05 टी0सी0 दिनांक 19 अगस्त, 2021 के अनुसार लागू होगी।

4– ''नगर पंचायत'' का तात्पर्य नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज से है।

5– ''अधिशासी अधिकारी'' का तात्पर्य नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज के अधिशासी अधिकारी से है।

6– ''अध्यक्ष'' का तात्पर्य नगर पंचायत के अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी से है।

7– ''प्रशासक/बोर्ड'' का तात्पर्य नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज के प्रशासक बोर्ड से है।

8– ''अधिनियम'' से तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 से है।

9– ''शासनादेश'' का तात्पर्य उ0प्र0 शासन के आदेशों/निर्देशों से है।

10– कोई भी व्यक्ति यदि नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज की सीमा में भवन/भूमि का स्वामी/अध्यासी है तो वे भवन/भूमि के सम्पत्ति कर निर्धारण स्वमूल्यांकन द्वारा कर लेंगे। इसके लिए नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज से एक आवेदन-पत्र प्राप्त कर अपने मकान का ब्यौरा देकर उपविधि में दी गयी निर्धारित दर के अनुसार स्वकर का निर्धारण करेंगे।

11– आवेदन-पत्र नगर पंचायत, भारतगंज से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

12– जिन भवन/भूमि स्वामी/अध्यासी द्वारा स्वकर निर्धारण का विकल्प नहीं अपनाया जायेगा तो उसके सम्बन्ध में कर का निर्धारण व वसूली की कार्यवाही नियमानुसार नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज द्वारा की जायेगी।

13– भवन– इसमें वह सभी अहातें, उपघर आदि एक संयुक्त परिसर में कई भवन स्थित हैं तो इस परिसर के सभी इमारतों के परिसर को भूमि सहित भवन कहा जायेगा और मकान का तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा में अंकित परिभाषा से है।

14– ''सम्पत्ति'' का तात्पर्य किसी भवन/भूमि या दोनों से है।

15– ''आच्छादित क्षेत्रफल'' का तात्पर्य, कुर्सी के ऊपर जिस पर भवन निर्मित है के प्रत्येक तल के आच्छादित क्षेत्रफल से है।

16– कारपेट एरिया की गणना नियमानुसार की जायेगी–

(क)– कमरे – आन्तरिक आयाम की पूर्ण माप।

(ख)– आच्छादित बरामदा – आन्तरिक आयाम की पूर्ण माप।

(ग)– बालकनी, कारीडोर, रसोई व भण्डार गृह – आन्तरिक आयाम की 50 फीसदी माप।

(घ)– गैराज – आन्तरिक आयाम की 1/4 माप।

(ड़)– स्नानगृह, शौचालय, पोर्टिको और जीने से आच्छादित क्षेत्र – कारपेट एरिया का भाग नहीं होगा।

अथवा

कारपेट एरिया – आच्छादित क्षेत्र का 80 प्रतिशत भाग।

17– कर का निर्धारण– कर का निर्धारण निम्नांकित के आधार पर किया जायेगा।

(क)– वार्षिक मूल्य की गणना, वार्षिक मूल्य = कारपेट एरिया × निर्धारित प्रति ईकाई का क्षेत्रफल मासिक किराया दर × 12

या

आच्छादित क्षेत्रफल का 80 प्रतिशत × निर्धारित प्रति इकाई का क्षेत्रफल मासिक किराया दर × 12

18– करों का भुगतान–

(क)– अधिशासी अधिकारी या उसके द्वारा अधिकृत कोई अधिकारी/कर्मचारी बनाये गये नियम के अधीन निर्धारित भवन/भूमि (सम्पत्ति) कर के भुगतान हेतु स्वामी/अध्यासी को बिल भेजेगा, जिसमें एक ऐसा दिनांक निर्दिष्ट होगा, नगर पंचायत भारतगंज कार्यालय अथवा उसके द्वारा अभिसूचित बैंक में कर का भुगतान किया जायेगा। गृहकर निर्धारण का भुगतान हेतु सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किये जाने पर भी निर्धारित तिथि तक किया जायेगा। निर्धारित अवधि के नियमावली में दी गयी शास्ति तथा उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा-173 (क) के अनुसार कर की वसूली की जायेगी। धारा-173 (क) की कार्यवाही का खर्च तथा बकाया धनराशि पर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी लिया जायेगा।

(ख)– यह है कि नगर पंचायत की ओर से अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी जैसे भी परिस्थिति हो के नगर पालिका अधिनियम की धारा-158(1)(2) के अन्तर्गत पत्र भेजकर किसी भवन/भूमि स्वामी को उनके सम्पत्ति आदि के बारे में विवरण प्रस्तुत करने तथा अन्य दस्तावेज मांगने व प्राप्त करने का अधिकार होगा।

(ग)– इस उपविधि के किसी भी प्रावधान के बारे में नगर पंचायत यदि संतुष्ट है कि उपविधि के किसी प्रावधान का दुरूपयोग पंचायत द्वारा किया जा रहा है अथवा कोई प्रावधान/नियमानुसार जनहित में नहीं है, तो उक्त प्रावधान को निरस्त करने, छूट देने अथवा संसोधित करने का अधिकार नगर पंचायत को होगा।

19– किराये पर उठे आवासीय भवनों का उपरोक्तानुसार अवधारित वार्षिक मूल्य से (ARV) जोड़ें।

(क)– दस वर्ष से अधिक पुराना है तो 25 प्रतिशत अधिक होगा (+) 25 प्रतिशत।

(ख)– दस वर्ष से अधिक तथा बीस वर्ष से कम पुराना है तो 12.5 प्रतिशत अधिक होगा (+) 12.5 प्रतिशत।

(ग)– बीस वर्ष से अधिक पुराना है तो यथावत समझा जायेगा।

नोट– नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा-140(2) में यह प्रावधान है कि जहाँ नगर पंचायत किराये में किसी कारण से असाधारण परिस्थितियों में किसी भवन का वार्षिक मूल्य यदि उपर्युक्त रीति से गणना की गई हो अत्यधिक हो वहाँ नगर पंचायत किसी भी धनराशि पर जो भी न्याय संगत प्रतीत हो वार्षिक मूल्य नियम कर सकती है।

20– व्यावसायिक सम्पत्तियों से तात्पर्य– सभी प्रकार की फुटकर दुकानें, शोरूम, बेकरी, आटा चक्की, कोयला, लकड़ी, कृषि उपकरणों के लिये केन्द्र, शीतगृह, रिजोर्ट, होटल व बेवसाइट व ऑटोमोबाइल शोरूम/सर्विस सेन्टर व भोजनालय, जलपान गृह, रेस्टोरेन्ट, कैन्टीन, सिनेमा व मल्टीप्लेक्स, अस्थाई सिनेमा, पी0सी0ओ0, पेट्रोल व डीजल फिलिंग स्टेशन, गोदाम/गैस अधिष्ठान भण्डार तथा गोदाम, निजी कार्यालय, बैंक व अन्य अनावासीय भवनों से है।

21– इन्स्टीट्यूशनल (संस्थागत) सम्पत्तियों से तात्पर्य– राजकीय, अर्द्धराजकीय, स्थानीय निकाय कार्यालय, श्रमिक कल्याण केन्द्र, पी0ए0सी0, पुलिस लाईन, मौसम अनुसंधान केन्द्र, वायरलेस केन्द्र अतिथि गृह, धर्मशाला, रैनबसेरा, लॉजिंग बोर्डिंग हाउस, छात्रावास, अनाथालय, सुधारालय, कारागार, हैण्डीकैप चिल्ड्रेन हाउस, शिशुगृह एवं देखभाल केन्द्र, बृद्धावस्था केन्द्र, प्राथमिक, उच्चतर माध्यमिक इण्टर/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय, पॉलीटेक्निक, इन्जीनियरिंग, विशिष्ट शौक्षिक संस्थान, आई0टी0आई, डाकघर, तारघर, पुलिस स्टेशन/चौकी, अग्निशमन केन्द्र, पुस्तकालय/वाचनालय, नाट्य प्रशिक्षण केन्द्र, कलाकेन्द्र, सिलाई केन्द्र, बुनाई कढ़ाई केन्द्र, पेन्टिग, कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र इत्यादि, ऑडिटोरियम, नाट्यशाला, थियेटर, योगकेन्द्र, सामुदायिक केन्द्र, धर्मिक केन्द्र, बारात घर, कान्फ्रेंस एवं मीटिंग हाल, प्रदर्शनी केन्द्र, रेडियो व टेलीविजन कार्यालय/केन्द्र, नर्सिंग होम व अस्पताल आदि।

नोट– जो भी सामाजिक, धार्मिक राजनैतिक संस्थायें निःशुल्क जनहित में कार्य कर रहीं है वे कर से मुक्त रहेंगी परन्तु जिस धर्म/राजनैतिक संस्था का जितने भाग का उपयोग व्यवसायिक होगा उस पर कर देय होगा।

23– रेन्ट कन्ट्रोल के मकान– रेन्ट कन्ट्रोल अधिनियम, 1972 के अधीन आने वाले आवासीय भवनों पर नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज प्रत्येक करों की गणना के लिये वार्षिक किराये का निर्धारण रेन्ट कन्ट्रोल अधिनियम के अतंर्गत नहीं होगा बल्कि गृहकर का निर्धारण उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 के प्रावधानों के अन्तर्गत शासनादेश संख्या-135/9-9-11-190-द्वि0रा0वि0आ0/04 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 18 मार्च, 2011 के अनुसार किया जायेगा।

24– जिन भवनों/व्यावसायिक भवनों में भवन स्वामी का पता नहीं चलता है तो ऐसे भवनों में किरायेदार/अध्यासी को गृहकर का भुगतान करना होगा।

25– करों में छूट– उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा-140 (2) के अनुसार करों में छूट प्रदान की जायेगी।

(क)– गृहकर की देयता वार्षिक होगी, 01 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य सम्बन्धित वर्ष का कर जमा करना अनिवार्य होगा।

(ख)– सम्बन्धित वर्ष में कर जमा नहीं करने की दशा में आगामी वित्तीय वर्ष में गृहकर पर 12 प्रतिशत की दर से सरचार्ज देय होगा।

26– सम्बन्धित सूचना प्रपत्र (क) प्राप्ति के 15 दिवस के अन्दर नगर पंचायत कार्यालय में भरकर जमा करना अनिवार्य है। भवन के क्षेत्रफल एवं दरों के सम्बन्ध में कोई त्रुटि पूर्ण विवरण होने की दशा में स्वामी अध्यासी से सम्पत्ति की देयता में होने वाले अन्तर के चार गुने धनराशि शास्ति (जुर्माना) के रूप में ली जायेगी निर्धारित अवधि तक विवरण न जमा करने की दशा में 100 वर्ग मीटर, 200 वर्ग मीटर, 400 वर्ग मीटर तथा उससे अधिक भू-खण्ड पर

क्रमशः रु0 100/500/1,000/2,000 तक शास्ति (जुर्माना) आरोपित करके वसूल किया जायेगा, तथा 30 दिन के विलम्ब की स्थिति में शास्ति (जुर्माना) का 5 प्रतिशत अतिरिक्त लिया जायेगा।

27– भवन किराये पर देने या रिक्त होने, भवन में निर्माण/पुनर्निर्माण होने से आच्छादित क्षेत्रफल (कारपेट एरिया) में बृद्धि होने पर तथा भवन के व्यावसायिक/औद्योगिक प्रयोग होने पर 60 दिनों के अन्दर प्रपत्र (ख) में ही पुनः विवरण भवन स्वामी/अध्यासी द्वारा कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

28– जिन भवनों/भूमियों को नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज द्वारा भवन/भूमि की संज्ञा दी जा चुकी है उन्हें भी प्रपत्र क और ख उपरोक्तानुसार सूचना भरकर जमा करना अनिवार्य है तथा उसके भवन/भूमि पर यदि कोई पूर्व का बकाया है तो प्रपत्र क के अनुसार देय कर एवं पूर्व बकाया भी जमा करेंगे।

29– मकानों को दर्ज करने सम्बन्धी–

(क)– कोई भी व्यक्ति किसी भी समय यदि किसी भी भवन या भूमि पर अपना नाम अध्यासी अथवा स्वामी के रूप में करदाता सूची में अंकित कराना चाहता है तो उसे निर्धारित प्रक्रिया से आवेदन करना होगा और यदि उसके नाम के सम्बन्ध में कोई आवेदन निरस्त करने हेतु विचाराधीन है तो उल्लेखित रूप में किया जायेगा अन्यथा उसके बाद सूची में आवेदन के अनुसार नाम कर निर्धारण सूची में अंकित कर दिया जायेगा। मकान/दुकान/प्लाट इत्यादि दर्ज किये जाने हेतु प्रथम बार में शुल्क मु0 5,000.00/– प्रति सम्पत्ति देय होगा।

(ख) गृहकर पंजिका में दर्ज ऐसी भूमि/भवन जो पंचायत के स्वामित्व की भूमि है जो किसी कारणवश निजी उपयोग में लायी जा रही है तो वह गृहकर पंजिका में स्वतः निरस्त/करमुक्त मानी जायेगी।

30– मकानों का हस्तान्तरण/नामान्तरण सम्बन्धी नियम–

(क)– यदि किसी भवन या भूमि जिस पर कर आरोपित है स्वामित्व हस्तांतरित होता है तो स्वामित्व हस्तान्तरित करने वाले व्यक्ति तथा संस्था अथवा स्वामित्व पाने वाला व्यक्ति ऐसे संस्था ऐसे हस्तान्तरण के 03 माह के अन्दर उसकी सूचना नगर पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करके निर्धारित प्रपत्र पर अधिशासी अधिकारी को प्रेषित करना अनिवार्य होगा।

(ख)– यदि किसी करदाता अथवा भवन/भूमि के स्वामी की मृत्यु हो जाती है तो उसके प्रत्येक वारिस को मृत्यु के दिनांक से 03 माह के अन्दर लिखित सूचना अधिशासी अधिकारी को देना होगा।

(ग)– यदि किसी करदाता अथवा भवन का वारिस/उत्तराधिकारी 03 माह के अन्दर सूचना देने में असफल रहता है तो 03 माह के बाद प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करते समय उसे नामान्तरण शुल्क के साथ रु0 500.00 विलम्ब शुल्क भी देय होगा तभी प्रार्थना-पत्र पर कार्यवाही किया जायेगा। यही प्रक्रिया विक्रय-पत्र के आधार पर नामान्तरण को कार्यवाही पर भी लागू होगी।

(घ)– विक्रय-पत्र/बैनामा/वसीयतनामा/हिबानामा/करारनामा/दान आदि के आधार पर आवेदक नगर पंचायत अभिलेखों में दर्ज कराना चाहता है तो उसके मालियत/प्रतिफल की धनराशि का 2 प्रतिशत नामान्तरण शुल्क जमा करने के बाद ही कार्यवाही शुरू की जायेगी।

नोट– भवनों, भूमियों इत्यादि को दर्ज करने हस्तानान्तरण/नामान्तरण करने हेतु स्थानीय स्तर पर अधिक प्रचलित वाले राष्ट्रीय/दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशन कर 30 दिन के भीतर आपत्ति प्राप्त करने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति का निस्तारण होने के उपरान्त नामान्तरण/हस्तानान्तरण करने की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी तथा समाचार-पत्र प्रकाशन का खर्च आवेदक से लिया जायेगा।

31– कर निर्धारण दर– गृहकर वार्षिक मूल्य का 10 प्रतिशत देय होगा।

32– मुख्य मार्ग का तात्पर्य– मुख्य मार्ग में सभी सड़कें आयेगी जिसकी चौड़ाई 20 फुट से अधिक होगी।

33– अन्य मार्ग का तात्पर्य– मुख्य मार्ग के अंदर के मार्ग व मोहल्ला/कालोनी में जाने वाली सड़क एवं समस्त गलियां अपने भागों में आयेंगी।

34– अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज द्वारा सत्यापित मासिक किराया प्रति वर्गफुट।

भवन की प्रकृति	पक्का भवन (RCC/RB छत)			अन्य पक्का भवन		कच्चा भवन	भूमि के सम्बन्ध में
1	2	3	4	5	6	7	8
फर्श की प्रकृति ⇨ टायल्स/मुजाइक सड़क की लम्बाई ⇩	पत्थर/फर्श	पक्का	कच्चा	पत्थर/टायल्स/मुजाइक	पक्का फर्श	कच्चा	खाली
क– 24 मी0 से अधिक चौड़ी सड़क पर स्थित भवन	1.00	0.80	0.40	0.80	0.50	0.30	0.10
ख– 12 मी0 से 24 मी0 चौड़ी सड़क पर स्थित भवन	0.80	0.60	0.30	0.60	0.20	0.10	0.05
ग– 12 मी0 तक चौड़ी सड़क पर स्थित भवन	0.60	0.40	0.20	0.50	0.30	0.10	0.05

35– अन्तिम निर्णय अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज में निहित होगा।

36– अन्य व्यावसायिक भवन/मिश्रित भवन/मिश्रित भवन जो मुख्य मार्ग पर स्थित न हो का कर निर्धारण निर्धारित आवासीय दर का दोगुना दर पर किया जायेगा।

37– (क)– किसी भी स्वामी द्वारा अध्यासीय भवन जो 30 वर्ग मी0 के माप वाले या 15 वर्ग मी0 तक कारपेट क्षेत्रफल भू–खण्ड पर निर्मित हो उसके स्वामी के स्वामित्व में नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज की सीमा के अतंर्गत कोई अन्य भवन/भू-खण्ड न हो पर वार्षिक मूल्य की गणना नहीं की जायेगी वो कर से मुक्त होंगे।

(ख)– यदि आंशिक भाग का उपयोग व्यावसायिक/औद्योगिक के रूप में प्रयोग किया जा रहा है और आंशिक भाग पर निवासित है तो व्यावसायिक/औद्योगिक वाले भाग पर व्यावसायिक/औद्योगिक दर लागू होगा तथा निवासित भाग पर निवासित दर लागू होगा।

(ग)– व्यावसायिक/औद्योगिक उपयोग वाले आवासों/आवासीय अंशो पर कर निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा।

श्रेणी	सम्पत्ति का विवरण	अनावासीय भवन की मासिक किरायें की दर
1	2	3
1	प्रत्येक प्रकार के वाणिज्यिक काम्पलेक्स, दुकानें और अन्य प्रतिष्ठान बैंक कार्यालय, होटल, कोचिंग व प्रशिक्षण संस्थान (राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त को छोड़कर) आवासीय सह दुकान की स्थिति में।	आवासीय दर का पांच गुना
2	टावर और होर्डिंग वाले भवन, टी0बी0 टावर दूर संचार या कोई अन्य टावर जो भवन की सतह पर या शिखर पर या खुले स्थान पर प्रतिस्थापित किये जाते है।	आवासीय दर का चार गुना
3	प्रत्येक प्रकार के क्लीनिक, पाली क्लीनिक डायग्नोस्टिक केन्द्र, प्रयोगशालायें, नर्सिंग होम, चिकित्सालय केन्द्र, मेडिकल स्टोर, स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्र।	आवासीय दर का तीन गुना
4	पेट्रोल पम्प, गैस एजेन्सी, डिप्पो और गोदाम।	आवासीय दर का तीन गुना

1	2	3
5	सामुदायिक भवन, कल्याण मण्डप शादी/बारात घर, क्लब व इसी प्रकार के भवन।	आवासीय दर का तीन गुना
6	औद्योगिक इकाइयां सरकारी अर्धसरकारी एवं सार्वजनिक, उपक्रम कार्यालय	आवासीय दर का तीन गुना
7	क्रीडा केन्द्र, जिम, शारीरिक स्वास्थ्य केन्द्र, थियेटर तथा सिनेमा घर	आवासीय दर का दो गुना
8	अन्य प्रकार के अनावासिक भवन जो उपर्युक्त श्रेणियों में उल्लिखित नहीं है।	आवासीय दर का तीन गुना
9	छात्रावास और शैक्षणिक संस्थान जो अधिनियम की धारा 129-क के खण्ड (ग) के अधीन आच्छादित नहीं है।	आवासीय दर के समान

38– अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज द्वारा पंचायत सीमान्तर्गत स्थित भवनों/भूमियों का वार्षिक मूल्यांकन दरों पर निर्धारित किया जायेगा।

39– सम्बन्धित बुकलेट रु0 50 शुल्क जमा कर नगर पंचायत भारतगंज कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

40– मूल्य की गणना उप निबन्धक कार्यालय द्वारा निर्धारित दरों से की जायेगी।

41– करों/शुल्कों/जुर्माना निर्धारित समय सीमा पर न जमा करने पर इसकी वसूली भू-राजस्व की भांति की जायेगी।

अर्थदण्ड

उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम 1916 की धारा 299(1) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज निश्चित करती है कि उपविधि के किसी भी नियम का उल्लंघन करना दण्डनीय अपराध होगा जो रु0 1,000/– एक हजार जुर्माना हो सकता है और निरन्तर बने रहने की दशा में अतिरिक्त अर्थदण्ड देय होगा जो सर्वप्रथम दोष सिद्ध के दिनांक या अधिशासी अधिकारी द्वारा दिये गये नोटिस के दिनांक से प्रत्येक दिवस के लिये जिसके बारे में सिद्ध हो जाये जिसमें अपराधी अपराध करता है, रु0 25/– पच्चीस रुपये मात्र प्रतिदिन अर्थदण्ड लिया जायेगा।

(ह0) अस्पष्ट,
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत भारतगंज,
प्रयागराज।

कार्यालय, नगर पंचायत भारतगंज, जनपद प्रयागराज

एस0बी0एम0 के अन्तर्गत यूजर चार्ज नियमावली, 2024

24 जून 2024 ई0

सं0 1468/न0प0भा0/यू0चा0 नियमावली/अधि0/2024-25–उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिये नगर पंचायत भारतगंज द्वारा नगर पालिका अधिनियम 1916 व ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियमावली 2016 में निहित प्राविधानों के अधीन नगर पंचायत भारतगंज, जनपद प्रयागराज द्वारा सीमा के अन्तर्गत एस0बी0एम0 के अन्तर्गत यूजर चार्ज नियमावली, 2024 प्रस्तावित करते हुए उपरोक्त नियमावली की धारा 301 के अन्तर्गत प्रकाशन के पश्चात् उसके किसी बिन्दु या सभी बिन्दुओं पर किसी व्यक्ति/समूह को आपत्ति हो या सुझाव हो तो अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज के कार्यालय में प्रकाशन तिथि के 30 दिन के अन्दर प्राप्त करा सकता है, तद्क्रम में नगर पंचायत भारतगंज द्वारा बोर्ड दिनांक 07 मार्च, 2024 प्रस्ताव संख्या 04 द्वारा प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। तद्क्रम में दैनिक समाचार-पत्र अमर उजाला दिनांक 21 जुलाई, 2024 एवं आज 23 जुलाई, 2024 को प्रकाशित कराकर 30 दिवस के अन्दर आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किया गया, निर्धारित समयावधि 30 दिन के अन्दर कोई भी आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त नहीं हुआ। बोर्ड बैठक दिनांक 10 सितम्बर, 2024 के प्रस्ताव संख्या 19 के द्वारा उपरोक्त उपविधि को उसी रूप में सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी है। निम्नवत् उपविधि को गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी माना जायेगा।

(अ)– यह नियमावली ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन उपविधि, 2024 कहलायेगी।

(ब)– यह उपविधि नगर पंचायत भारतगंज जनपद प्रयागराज सीमान्तर्गत लागू होगी।

(स)– अधिनियम का तात्पर्य नगरपालिका अधिनियम, 1916 से है।

(द)– इस नियमावली में अधिशासी अधिकारी से तात्पर्य नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से है। प्राधिकारी का अर्थ– नगर पंचायत भारतगंज जनपद प्रयागराज के अधिशासी अधिकारी से होगा। प्राधिकारी संस्था– नगर पंचायत भारतगंज जनपद प्रयागराज से है।

क्षेत्र– यह उपविधि नगर पंचायत भारतगंज जनपद प्रयागराज की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में समान रूप से प्रभावशाली होगी।

1– समस्त निवासियों के लिये यह अनिवार्य होगा कि वे ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम, 2016 में उल्लिखित नियमों के अनुसार अपने स्थल पर उत्सर्जित/उनके द्वारा उत्पन्न किये गये अपशिष्ट को उद्गम स्थल पर तीन हिस्सों में गीला सूखा एवं परिसंकटमय अपशिष्टों में तीन क्रमशः हरा, नीला व लाल, सफेद ढक्कननुमा कचरा पात्र में भण्डारित करना होगा व दिन में एक बार ही नगर पंचायत भारतगंज जनपद प्रयागराज द्वारा निर्धारित कूड़ा चुनने वाले अथवा डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहकर्ता को निधारित मासिक शुल्क देकर निस्तारण सुनिश्चित करना होगा। ताकि आम सड़कों मार्गों पर नगर पंचायत द्वारा स्वच्छ करने के पश्चात् किसी प्रकार की गंदगी कूड़ा-करकट नही फैले।

2– कोई व्यक्ति व संस्था निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अपशिष्ट को पृथक रूप से अपने परिसर में भण्डारित करेगा एवं Construction and Demolation Waste Rule 2016 के अनुसार निपटान करेगा।

3– नगर में स्थित सभी को-आपरेटिव सोसाइटीज, एसोसिएशन आवासीय एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रबन्धन की यह जिम्मेंदारी होगी कि वे आवश्यक घनत्व में उपर्युक्त स्थान पर आवश्यक संख्या में अपने स्वयं के कंटेनर (नीला व हरा रंग के) स्थापित करेंगे जिनमें दैनिक उत्सर्जित कचरे का पृथक-पृथक भण्डारण हो सके जिसका निस्तारण नगर पंचायत द्वारा निर्धारित देय यूजर-चार्जेज देकर करायेगा।

4– कोई भी व्यक्ति/नागरिक अपशिष्ट को गली/मार्गों व खुले सार्वजानिक स्थानों नाली/नाला या जलाशयों में न फेंकेगा, न जलायेगा और न ही गाड़ेगा। उपविधि का पालन न करने की दशा में रु0 5,000.00 का जुर्माना वसूल किया जायेगा अथवा न्यायालय में अभियोग दायर किया जा सकेगा।

5– कोई भी व्यक्ति/नागरिक अपने आवास के समीप खाली स्थानों पर कूड़ा नहीं डालेगा न डालने देगा कूड़े के समीप निवासी को जिम्मेदार समझा जायेगा, जिसके लिये निकाय निर्धारित चालान करने में समर्थ होगा एवं अभियोग दायर किया जा सकेगा।

6– बूचड़ खानों, मांस-मछली बजारों, फल एवं सब्जी बाजारों के अपशिष्ट जो जैव निम्नकरणीय प्रवृत्ति का होता है का प्रबन्ध ऐसी रीति से किया जायेगा कि ऐसे अपशिष्ट को उपयोग में लाया जा सके ऐसे व्यवसायियों को इस प्रकार के अपशिष्ट को पृथक से एकत्र करने एवं नगर पंचायत के कलेक्शन वाहन को प्रतिदिन हैण्ड ओवर करने का प्रबन्ध करते हुए नियामानुसार नगर पंचायत को मासिक यूजर चार्ज देकर निस्तारण सुनिश्चित कराना होगा।

7– अस्पतालों, नर्सिग होम, क्लीनिक, लैबोरटरी आदि द्वारा जैव चिकित्सीय को नगरीय ठोस अपशिष्ट के साथ नहीं मिलाया जायेगा। अस्पतालों, नर्सिग होम्स एवं क्लीनिक आदि के प्रबन्धन द्वारा जैव चिकित्सीय अपशिष्ट नियम, 2016 का अक्षरशः अनुपालन नगर पंचायत द्वारा निर्धारित यूजर चार्जेज देते हुए नगर पंचायत के व्यवस्थानुसार कराया जायेगा।

8– कोई भी व्यक्ति/निवासी अपने परिसर से उत्पन्न कृषि उद्यान अपशिष्ट को अपने ही परिसर में पृथक रूप से भण्डारित करेगा और समय-समय पर नगर निकाय द्वारा निर्धारित शुल्क (यूजर चार्जेज) देकर निपटान करेगा।

9– कोई भी व्यक्ति/व्यवसायी निर्माण सामग्री को किसी दशा में सार्वजनिक स्थान पर नहीं डालेगा। अनाधिकृत रूप से निजी मलवा/सामग्री डालना अधिनियम व नियमों के तहत दण्डनीय अपराध होगा।

10– अपशिष्ट कूड़ा करकट सूखी पत्तियों को जलाया नहीं जायेगा।

11– कोई व्यक्ति अग्रिम रूप से कम से कम तीन दिवस पूर्व स्थानीय निकाय/नगर पंचायत को सूचित किये बगैर किसी गैर अनुज्ञति वाले स्थान पर एक सौ व्यक्ति से अधिक का ऐसा कोई आयोजन या समारोह आयोजित नहीं करेगा और पृथक अपशिष्ट को पंचायत द्वारा निर्धारित यूजर चार्जेज जमा कर नियोजित अपशिष्ट संग्रहण अधिकरण को सौपेगा।

12– मार्ग विक्रेता जिसके अन्तर्गत फेरीवाला, गली की लेन, सार्वजनिक पार्कों, सार्वजनिक स्थानों या प्राइवेट स्थानों पर अस्थाई निर्मित संरचना पट या घूम-घूम कर व्यवसाय करने वाले विक्रेताओं को उनके द्वारा उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट के निपटान हेतु ढक्कन युक्त कूड़ा पात्र रखना होगा।

13– कोई भी व्यक्ति नगर पंचायत द्वारा स्थापित अपशिष्ट कूड़ेदान के बाहर नहीं फेंकेगा। निर्धारित कूड़ेदान में निर्धारित अपशिष्ट डालेगा।

14– पशुओं को अपशिष्ट कूड़ादान स्थालों अथवा शहर के किसी अन्य स्थान के आस पास घूमने नहीं दिया जायेगा इसका अधिकृत क्षेत्र/स्थल पर ही प्रबन्ध करना होगा।

15– कोई भी व्यक्ति अपने भवन संस्थान व्यापारिक प्रतिष्ठान से गन्दा पानी, कीचड़ पानी, नाईट स्वाइल, गोबर, मलमूत्र, दूषित जल अपने परिसर में किसी प्रकार एकत्रित नहीं करेगा न सार्वजनिक मार्गों एवं नालियों में बहने देगा जिससे वातावरण दुर्गन्ध से प्रदूषित हो व जन स्वास्थ को हानि होने की संभावना हो अथवा आवागमन में बाधक हो अन्यथा उसके विरूद्ध जुर्माना वसूल किया जा सकेगा एवं न्यायालय में अभियोजन किया जा सकेगा।

16– कोई व्यक्ति किसी प्रकार का मृत मवेशी अथवा उसके अवशेष सार्वजनिक स्थानों इत्यादि पर नहीं डालेगा। नगर पंचायत को निर्धारित यूजर चार्जेज देकर उसका निपटान करायेगा।

17– नगर पंचायत सीमा के अन्दर खुले में शौच करने वाले व्यक्तियों से पाँच सौ रुपये एवं पेशाब करने वाले व्यक्तियों पर सौ रुपये जुर्माना वसूला जायेगा। जिसकी अदायगी व्यक्तियों को तुरन्त करनी होगी।

18– यह कि माननीय उच्च न्यायालय की सुनवाई दिनांक 09 नवम्बर, 2016 व नगर विकास अनुभाग-5 के आदेश संख्या 3595/नौ-5-2016-29/201 दिनांक 08 नवम्बर 2016 के अनुपालन में सड़क के किनारे भवन निर्माण अवशेष रखने पर रु0 50,000.00 का आर्थिक दण्ड वसूल किया जायेगा।

19– कोई भी व्यक्ति/निवासी सरकारी भवनों, चौराहों एवं दीवारों व गेटों पर निजी या व्यापारिक प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर व स्लोगन नहीं लिखायेगा।

घर-घर कचरा संग्रहण योजना के तहत घर-घर कचरा एकत्रित करने हेतु निम्नानुसार दरें तय की जाती है–

क्रम सं0	उपभोक्ता की श्रेणी	यूजर चार्ज (उपभोक्ता द्वारा) प्रतिमाह नगर पंचायत भारतगंज क्षेत्र/प्रतिमाह
1	2	3
		रु0
1	गेस्ट हाउस	500.00
2	हॉस्टल	400.00
3	व्यावसायिक कार्यालय, सरकारी कार्यालय, बैंक, बीमा कार्यालय, होटल रेस्टोरेंट।	500.00
4	नर्सिंग होम (50 बेड तक)	1,500.00
5	नर्सिंग होम (50 बेड से अधिक)	3,000.00
6	छोटे उद्योग (10 किलो कूड़ा प्रतिदिन)	500.00

1	2	3
		रु0
7	गोदाम, कोल्ड स्टोर (कूड़ा)	1,000.00
8	बारातघर, धर्मशाला (3000 वर्ग मीटर तक)	1,500.00
9	बारातघर, धर्मशाला (3000 वर्ग मीटर से अधिक)	4,000.00
10	दो पहिया वाहन एजेन्सी	300.00
11	चार पहिया वाहन एजेन्सी	500.00
12	व्यावसायिक काम्पलेक्स अथवा मार्केट	1,000.00
13	माल	1,500.00
14	रिहायशी मकान (डोर-टू-डोर कलेक्शन)	50.00
15	हलवाई, चाट, पकौड़ी, फास्ट फूड, आइसक्रीम, गन्ने का रस एवं अन्य जूस सब्जी एवं फूट आदि ठेला व्यवसायियों पर	100.00
16	निजी खाली प्लाट पर पड़े कूड़े करकट की सफाई हेतु (3000 वर्गफीट) तक।	2,000.00

नगर पंचायत की शक्ति–

1– नगर पंचायत क्षेत्र में नगरीय ठोस अपशिष्टों या कूड़ा-करकट फैलाना प्रतिषेध होगा यदि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों, मार्गों, निजी खुले स्थानों, पार्कों, पानी के श्रोतों इत्यादि पर गंदगी कूड़ा, करकट फैलाते व रखते पाया जाता है, तो प्राधिकृत अधिकारी जो निरीक्षक के स्तर से कम का नहीं हो अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधिकृत कर्मचारी संलग्न अनुसूची-अ मे घोषित/समय पर निकाय द्वारा निर्धारित जुर्माना (केंरिग चार्जेज) ऐसे दोषी व्यक्तियो से मौके पर ही वसूल करने मे सक्षम होगा।

2– नियम को लागू कराने हेतु जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी द्वारा इसे सख्ती से लागू कराया जायेगा। लागू कराने मे असक्षम/लापारवाही/असमर्थ कर्मचारी के विरूद्ध नगर पालिका अधिनियम, 1916 में उल्लेखित नियमों के अधीन सख्त कार्यवाही का अधिकार प्रधिकारी को होगी।

''अनुसूची-अ''

उपविधियों के उल्लंधन मे किये गये कृत्यों के लिए निर्धारित कैरिंग चार्ज

क्रम सं0	कृत्य	धनराशि प्रतिदिन
1	2	3
		रु0
1	रिहायाशी भवनों के निवासियों	100.00
2	दुकानदारों द्वारा कचरा डालने पर	500.00
3	रेस्टोरेंट मालिकों द्वारा खुला कचरा डालने पर	1,000.00
4	होटल मालिकों द्वारा कचरा डालने पर	1,50000
5	औद्योगिक प्रतिष्ठान द्वारा कचरा डालने पर	5,000.00
6	हलवाई, चाट, पकौड़ी, फास्ट फूड,आइसक्रीम, गन्ने का रस एवं अन्य जूस, सब्जी एवं फूट आदि ठेला व्यवसायियों पर	100.00
7	सार्वजनिक स्थानों पर पेशाब करने वालों पर	100.00

1	2	3
		रु0
8	गोबर सार्वजनिक स्थान पर डालने पर	500.00
9	निजी मकान, दुकान इत्यादि के निर्माण का मलवा, निर्माण सामग्री ईट, सीमेन्ट लोहा , पत्थर सरकरी भूमि पर डालने पर।	1,000.00
10	निजी ट्रैक्टरों द्वारा बजरी, कचरा मलबा, गोबर इत्यादि परिवहन करते हुए नगर पंचायत सड़कों पर अपनी सामग्री बिखेरने व गन्दगी फैलाने पर	2,000.00
11	सरकारी भवनों, चौराहों एवं दीवारों व उनके गेटों पर निजी वणिज्यि प्रचार प्रसार हेतु पोस्टर चिपकाने,स्लोगन लिखकर सरकारी दीवारें ऐतिहासिक भवनों की सुन्दरता को खराब करने व बैनर्स लगाने पर उस संस्था के मालिक अथवा मौके पर पाये गये व्यक्ति से (प्रत्येक कृत्य पर)	2,000.00
12	बिना सक्षम स्वीकृति के रोड कटिंग करने पर	5,000.00
13	अपने मकानों का गन्दे पानी का निकास आम सड़कों पर करने पर	1,000.00
14	अपने मकानों भवन का सीवरेज की गन्दगी आम नाली/नाले में बहाने पर	5,000.00
15	क्रमांक 02 से 06 तक वर्णित व्यवसाइयों द्वारा अपने व्यवसाय का कचरा एकत्रित रखने के निर्धारित ढक्कनदार कचरा पात्र आवश्यक क्षमता का नही रखने पर।	1,000.00
16	दुकान अथवा ठेला व्यवसाइयों द्वारा सड़क पर बैठकर स्कूटर व साईकिल रिपेरिंग कर आयल मिट्टी व पानी फैलाकर गन्दगी करने पर।	1,000.00
17	मीट की दुकानों के सामने दुकानदार द्वारा काटे गये जानवरों की हड्डियां मलबा, मलीदा, खून, मुर्गे के पंख, अण्डों के छिलके इत्यादि सड़क पर व आम रास्ते/रास्तों में डालकर गन्दगी फैलाने पर।	2,000.00
18	आम रास्ता सड़क व मकान के सामने गाय, भैस, बकरी, कुत्ते, भेड़, ऊंट गधा, सुअर इत्यादि पालतू जानवरों से गन्दगी फैलाने पर।	500.00
19	शादी/विवाह स्थलों के बाहर कचरा डालने पर।	
20	आम रास्ता सड़क पर खुले में या टेन्ट लगाकर खुले आम मांस-मछली पकाने व अंश सड़क पर डालने व गंदगी फैलाने पर।	2,500.00
21	सार्वजनिक स्थान, जमीन व सड़क के किनारे बैठकर सब्जियां बेचकर छिलके व अंश सड़क पर डालने व गन्दगी पर।	200.00
22	हेयर कटिंग सैलून वालों द्वारा आम व सड़क पर गन्दगी, बाल इत्यादि	200.00
23	दुकानदारों अथवा व्यवासायिक द्वारा आम सड़क अथवा जमीन पर अतिक्रमण कर भवन सामग्री डालकर व्यवसाय करने पर।	5,000.00 अपविधियों का लगातार उल्लघंन करने पर अभियोजना भी चलाया जा सकेगा।
24	आम रास्ता सड़क फुटपाथ सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भोजनालय ढाबा चलाकर गन्दगी फैलाने पर।	1,000.00
25	प्राईवेट अस्पताल,नर्सिग होम क्लीनिक जमीन पर अतिक्रमण कर भोजनालय ढाबा चलाकर गन्दगी फैलाने पर।	2,000.00
26	खुले मे शौच जाने पर	500.00

नोट– करों/शुल्कों/जुर्माना निर्धारित समय सीमा पर न जमा करने पर इसकी वसूली भू-राजस्व की भांति की जायेगी।

(ह0) अस्पष्ट,
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत भारतगंज,
प्रयागराज।

कार्यालय, नगर पंचायत भारतगंज, जनपद प्रयागराज

अचल सम्पत्ति हस्तान्तरण नियमावली 2024

24 जून, 2024 ई0

सं0 1468/न0पं0भा0/2023-24–उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 128 (1) (XI V-ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके नगर पंचायत भारतगंज प्रयागराज के नगर पंचायत भारतगंज सीमा क्षेत्रान्तर्गत में अचल सम्पत्ति को हस्तान्तरण के विलेखों पर कर लगाने हेतु जो नियमावली बनायी गयी है उसका प्रारूप उक्त अधिनियम की धारा 131(3) की अपेक्षानुसार सम्बन्ध व्यक्तियों की सूचना के लिये प्रस्तावित करते हुए उपरोक्त नियमावली की धारा 301 के अन्तर्गत प्रकाशन के पश्चात् उसके किसी बिन्दु या सभी बिन्दुओं पर किसी व्यक्ति/समूह को आपत्ति हो या सुझाव हो तो अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज के कार्यालय में प्रकाशन तिथि के 30 दिन के अन्दर प्राप्त करा सकता है, तद्क्रम में नगर पंचायत भारतगंज द्वारा बोर्ड दिनांक 07 मार्च, 2024 प्रस्ताव संख्या 04 द्वारा प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। तद्क्रम में दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला दिनांक 21 जुलाई 2024 एवं आज 23 जुलाई 2024 को प्रकाशित कराकर 30 दिवस के अन्दर आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किया गया, निर्धारित समयावधि 30 दिन के अन्दर कोई भी आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त नहीं हुआ। बोर्ड बैठक दिनांक 10 सितम्बर 2024 के प्रस्ताव संख्या 19 के द्वारा उपरोक्त उपविधि को उसी रूप में सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी है। निम्नवत् उपविधि को गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी माना जायेगा।

नियमावली

1– संक्षिप्त शीर्ष

नाम प्रारम्भ प्रवृत्ति–

(क)– यह नियमावली नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज के भीतर स्थित अचल सम्पत्ति के हस्तान्तरण के विलेखों पर कर नियमावली कहलायेगी।

(ख)– यह उस दिनांक से प्रवृत्त होगी जब तक नगर के भीतर अचल सम्पत्ति के हस्तान्तरण के विलेखों पर कर लगाया जाय।

(ग)– यह नगर पंचायत भारतगंज, में स्थित अचल सम्पत्ति के हस्तान्तरण के समस्त विलेखों पर प्रवृत्त होगी।

2– परिभाषायें– विषय प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल न होने पर इस नियमावली मे–

(क)– अधिनियम का तात्पर्य नगर पंचायत अधिनियम, 1916 (यू0पी0 एक्ट संख्या-2 सन् 1916) से है।

(ख)– शुल्क का तात्पर्य इण्डियन स्टाम्प ऐक्ट, 1899 (ऐक्ट संख्या 2, 1899) के अधीन अचल सम्पत्ति के हस्तान्तरण के किसी विलेख पर लगाये शुल्क से है।

(ग)– इण्डियन स्टाम्प एक्ट का तात्पर्य उत्तर प्रदेश में अपनी प्रवृति के सम्बन्ध में यथा संशोधित इण्डियन स्टाम्प ऐक्ट,1899 (ऐक्ट संख्या 2,1899) से है।

(घ)– नगर पंचायत का तात्पर्य नगर पंचायत भारतगंज, प्रयागराज से है।

(ड़)– अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत भारतगंज, के अधिशासी अधिकारी से है।

(च)– कर का तात्पर्य अधिनियम की धारा 128 की उपधारा (1) के खण्ड (XI V-ख) के अधीन लगाये गये कर से है।

3– नगर पंचायत के भीतर स्थित अचल सम्पत्ति के हस्तान्तरण के किसी विलेख पर इण्डियन स्टाम्प ऐक्ट द्वारा लगाया गया शुल्क हस्तान्तरित सम्पत्ति के मूल्य पर अथवा भाग बन्धक की दशा में दस्तावेज द्वारा प्रतिभूत धनराशि पर 2 प्रतिशत के दर से बढ़ाकर किया जायेगा।

4– कर लगाने की प्रक्रिया– उक्त वृद्धि के फलस्वरूप उगाही गयी समस्त धनराशि प्रासांगिक व्ययों को, यदि कोई हो, काट लेने के पश्चात राज्य सरकार द्वारा नगर पंचायत को निम्नलिखित रीति सेअदा की जायेगी।

1– अब कभी नगर के भीतर स्थित अचल सम्पत्ति के हसतान्तरण का कोई दस्तावेज निबन्धन के लिये प्रस्तुत किया जाये तो निबन्धन अधिकारी यह सुनिश्चित कर लेगा कि इण्डियन स्टाम्प एक्ट की धारा-27 में निर्दिष्ट ब्यौरे– निम्नलिखित के सम्बन्ध में पृथक्-पृथक् दिये गये है–

(क)– नगर के भीतर स्थित सम्पत्ति।

(ख)– नगर के बाहर स्थित सम्पत्ति।

2– यदि ऐसे ब्यौरे दस्तावेज में पृथक्-पृथक् दिये गये हो तो निबन्धन अधिकारी उसे कलेक्टर को अधिनियम धारा 128क की उपधारा (4) धारा नगर पालिकाओं पर यथा प्रवृत्त इण्डियन स्टाम्प ऐक्ट की धारा 64 के अधीन आवश्यक कार्यवाही के लिखे भेजेगा।

5– करके लेखे रचना– निबन्धक अधिकारी भारतगंज प्रयागराज प्रत्येक दस्तावेज के सम्बन्ध पृथक्-पृथक लेखे रखेगा, जिसमे शुल्क व कर दिखायेगा।

6– निबन्धन अधिकारी– जो दीवानी न्यायालय द्वारा दिये गये विक्रय के प्रमाण-पत्रों को प्रतिलिपियां प्राप्त कर और इण्डिय रजिस्ट्रेशन ऐक्ट 1908 (ऐक्ट संख्या 16,1998) 89 के अधीन उन्हे अपनी पुस्तक संख्या 1 में नत्थी करें तथा राजस्व अधिकारीगण शुल्क और कर का उसी प्रकार लेखा रखेगा।

7– निबन्धक अधिकारी जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर के महीनों में पृथक-पृथक तिमाही विवरण-पत्र तैयार करेगा जिसमें वह शुल्क और कर के रूप में वसूली की गयी धनराशि और उसे जिला निबन्धक को उक्त प्रत्येक महीने के पांचवे दिनांक तक प्रस्तुत करेगा।

1– निबन्धक महानिरीक्षक, उ0प्र0 इलाहाबाद।

2– कनिष्ठ सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0, इलाहाबाद।

3– अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भारतगंज प्रयागराज।

4– महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।

8– नगर पंचायत भारतगंज की ओर से उगाही कर की धनराशि ऐसे प्रासंगिक व्ययों को जो राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित किये जायेगें, काट लेने के पश्चात् तिमाही के अन्त में नगर पंचायत भारतगंज को लौटा दी जायेगी प्रतिदिन की धनराशि प्राप्त करने के लिये अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भारतगंज प्रत्येक तिमाही के कनिष्ठ सचिव, राजस्व परिषद उ0प्र0 इलाहाबाद की फाइनैन्शियल हैण्ड बुक खण्ड-1 भाग-1 के प्रपत्र संख्या में एक बिल प्रस्तुत करेगी। कनिष्ठ सचिव द्वारा बिल स्वीकृत किये जाने के पश्चात् उसकी एक प्रतिलिपि अधिशासी अधिकारी को लौटा दी जायेगी जो स्वीकृत बिल के प्रस्तुत किये जाने पर स्थानीय कोषागार से प्रतिदिन की धनराशि प्राप्त करेगी।

9– (1)– नगर पंचायत की ओर से उगाही गयी कर की धनराशी ऐसे प्रासंगिक व्यायों जो राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित किये जावें काट लेने के पश्चात् प्रत्येक तिमाही के अन्त में नगर पंचायत को लौटा दी

जायेगी, प्रतिवान की धनराशि प्राप्त करने के लिये अधिशासी अधिकारी प्रत्येक तिमाही में कनिष्ठ सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को फाईनेन्शियल हेड बुक खण्ड-5 भाग के प्रपत्र संख्या 19 में दो प्रतियों में एक बिल प्रस्तुत करेगा, कनिष्ठ सचिव द्वारा बिल के प्रस्तुत किये जाने पर स्थानीय कोषागार से प्रतिदान का धनराशि प्राप्त करेगा।

(2)– नगर पंचायत भारतगंज, निबन्ध और स्टाम्प विभाग के कर्मचारियों को ऐसा मासिक/परिश्रामिक का भुगतान भी करेगा, जो नगर पंचायत के पश्चात् के परामर्श से राज्य सरकार निर्धारित करें।

10– अभिलेखों का निरीक्षण– अधिशासी अधिकारी या उसके द्वारा तदर्थ उपविधि प्राधिकृत कोई अन्य व्यक्ति किसी शुल्क का भुगतान किये बिना कर की उगाही और नगर पंचायत को उसकी वापसी के सम्बन्ध में निबन्धन कार्यालय के किसी अभिलेख का निरीक्षण कर सकता हैं।

(ह0) अस्पष्ट,
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत भारतगंज,
प्रयागराज।

कार्यालय, नगर पंचायत भारतगंज, जनपद प्रयागराज

वाहन प्रवेश एवं पार्किंग शुल्क उपनियमावली, 2024

24 जून, 2024 ई0

